


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 176

ग्वालियर, मंगलवार, 15 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## चीन में कोरोना प्रकोप बढ़ा, लाखों लोग लॉकडाउन में, दुनिया में 6 करोड़ पार हुए सक्रिय मरीज

**नई दिल्ली।** वैश्विक महामारी कोविड-19 अभी थमा नहीं है दुनिया में एक बार फिर संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में दुनियाभर में 13 लाख से ज्यादा नए केस सामने आए हैं। जबकि 3579 लोगों की मौत हुई है। वहीं, चीन में रविवार को करीब 3100 मामले सामने आए हैं। यह पिछले 2 साल में सबसे ज्यादा केस हैं। इसके चलते चीन के शेनजेन में लॉकडाउन लगा दिया गया। इसी के साथ यहां रहने वाले 1।7 करोड़ लोग घरों में कैद हो गए। उधर, शंघाई में भी स्कूलों को बंद कर दिया गया। अब तक दुनिया में कोरोना वायरस के 45.85 करोड़ केस सामने आ चुके हैं। हालांकि, इनमें से 39.16 करोड़ लोग ठीक हो चुके हैं। दुनियाभर में कोरोना के सक्रिय केस 6.08 करोड़ हो गए हैं। यानी इन लोगों का अभी इलाज चल रहा है। दुनियाभर में कोरोना से 60.6 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो सबसे ज्यादा केस दक्षिण कोरिया में मिले हैं। यहां 350,176 कोरोना के नए केस मिले हैं। वहीं, इसके बाद जर्मनी में 213,264, वियतनाम में 166,968, फ्रांस में 60,422, इटली में 48,886 और रूस में 44,989 केस मिले हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना से सबसे ज्यादा



रूस में जान गई हैं। यहां 596 लोगों की मौत कोरोना से हुई है। इसके अलावा दक्षिण कोरिया में 251 लोगों की जान गई है। इंडोनेशिया में 215, मैक्सिको में 203 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। चीन में एक बार फिर कोरोना के केस तेजी से मिलने लगे हैं। यहां शेनजेन में एक दिन में 66 केस मिलने के बाद लॉकडाउन लगा दिया गया। इससे पहले शुक्रवार को चांगचुन में लॉकडाउन का ऐलान किया गया था। इसके अलावा शांडोंग के युचेंग में भी लॉकडाउन का ऐलान किया गया था। चीन में 2019 में कोरोना का पहला केस मिला था। इसके बाद से चीन कड़ाई से जीरो कोविड पॉलिसी का पालन करा रहा है। इसके तहत किसी क्षेत्र में केस आने पर लॉकडाउन, कड़े यात्रा प्रतिबंध और बड़े स्तर पर टेस्टिंग जैसे कदम उठाए जाते हैं। चीन में अधिकारियों का कहना है कि ओमिक्रॉन के चलते केस बढ़ रहे हैं। चीन में केस बढ़ने के चलते लाखों लोगों को लॉकडाउन के तहत घरों में कैद होना पड़ रहा है। 1.70 करोड़ आबादी वाले शेनजेन में सोमवार से सभी शहरों-गांवों में लॉकडाउन लगा दिया गया। यहां मेट्रो और बस सर्विस भी बंद कर दी गई। शंघाई में भी स्कूलों, बिजनेस और मॉल-रेस्टोरेंट्स को बंद कर दिया गया। हॉन्गकॉन्ग में भी हालात बिगड़ रहे हैं। यहां रविवार को 27,647 नए केस मिले। जबकि 87 लोगों की मौत हुई है। हॉन्ग कॉन्ग में वुहान के बाद सबसे बुरी स्थिति मानी जा रही है। भारत में कोरोना के पिछले 24 घंटे में 2,503 मामले सामने आए हैं।

## 12 से 14 साल के बच्चों और 60 से ऊपर के हर बुजुर्ग को बुधवार से लगेगा कोरोना टीका

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस बीमारी कोविड-19 के खिलाफ 12 से 14 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण बुधवार यानी 16 मार्च में शुरू होगा। भारत सरकार ने सोमवार को ये जानकारी दी। बता दें कि देश में 15-



18 वर्ष की श्रेणी के लोगों का टीकाकरण लगभग पूरा हो चुका है। जिसके बाद अब 12-14 आयु वर्ग के सभी बच्चों का टीकाकरण शुरू होगा। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को कहा कि केंद्र इस सप्ताह 12 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए कोविड टीकाकरण शुरू करेगा। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों को एहतियाती खुराक (बूस्टर डोज) देने के लिए कोमोरबिडिटी क्लॉज को हटा दिया जाएगा। यानी अब सभी सीनियर सिटीजन प्रिकॉशन डोज के लिए पात्र होंगे। इसके अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, बच्चे सुरक्षित तो देश सुरक्षित! मुझे बताते हुए खुशी है की 16 मार्च से 12 से 13 व 13 से 14 आयुवर्ग के बच्चों का कोविड टीकाकरण शुरू हो रहा है।

## डॉक्टर हैरान व्यक्ति की जीभ पर उग आए बाल

**नई दिल्ली।** एक शख्स की जीभ पर बाल उग आने की खबर सामने आने के बाद डॉक्टर भी हैरान हैं। जब इसका खुलासा हुआ तो सब चौंक गए। आखिर में वह शख्स डॉक्टर के



पास पहुंचा तो डॉक्टरों की टीम ने पूरी कहानी बयां करते हुए उसका कारण बताया। टीम ने यह भी बताया कि ऐसे मामले बेहद दुर्लभ होते हैं और यह बहुत ही रेयर केस में सामने आते हैं। दरअसल, द साइंस की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस शख्स की जानकारी गोपनीय रखी गई है लेकिन इसके साथ घटी घटना को विस्तृत तरीके से रिपोर्ट किया गया है। रिपोर्ट में एक केस स्टडी के हवाले से बताया गया कि पचास वर्षीय एक शख्स के साथ यह घटना हुई तो वह डॉक्टर के पास पहुंचा। शख्स की जीभ काली पड़ चुकी थी और उस पर बाल जैसी चीज उग आई थी। इसे एक्सपर्ट्स ने ब्लैक हेयर टंग सिंड्रोम नाम दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह ब्लैक हेयर एक प्रकार से अस्थायी और हानिरहित कंडीशन है। इस सिंड्रोम में जीभ की सतह पर डेड स्किन सेल्स उभरने लगती है। ये डेड स्किन सेल्स टेस्ट बड्स समेटने वाले पैपिले पर जमने लगती हैं। जिसमें खाना, यीस्ट, तंबाकू व अन्य चीजें जमा होने लगती हैं और जीभ का रंग काला पड़ने लगता है।

# राज्यसभा में उठी मांग, यूक्रेन से लौटे बच्चों की पढ़ाई को लेकर कदम उठाए सरकार



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को कई सदस्यों ने यूक्रेन से वापस लौटे भारतीय छात्रों का मुद्दा उठाकर सरकार से मांग की हैं कि उनकी पढ़ाई पूरी करने में मदद के लिए वह उपयुक्त कदम उठाए।

बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि यूक्रेन पर रूस की सैन्य कार्रवाई से पैदा हुए हालात के मद्देनजर बड़ी संख्या में वहां से भारतीय छात्रों को वापस लाने की जरूरत पड़ी। उन्होंने कहा, यह बेहद ही चुनौतीपूर्ण काम था। मोदी सरकार ने इस मौके पर भारतीय छात्रों के साथ ही कुछ अन्य देशों के छात्रों को सुरक्षित निकाला। यह प्रयास बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान कहा कि मुद्दे पर चर्चा के लिए उन्हें कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य डॉ वी शिवदासन के नोटिस मिले हैं। उन्होंने कहा, ''यूक्रेन की स्थिति पर संबंधित मंत्री मंगलवार को सदन में बयान देने वाले हैं। इस बीच, विभिन्न दलों के सदस्यों ने यूक्रेन से सुरक्षित लौटे छात्रों के भविष्य को लेकर चिंता जताकर सरकार से अनुरोध किया कि वह इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाए। वेणुगोपाल ने कहा कि यूक्रेन से लौटे छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा, ''उनका भविष्य सुरक्षित करने के लिए सरकार क्या कर रही है, इस बारे में स्पष्टीकरण दिया जाना चाहिए। सरकार को इस बारे में अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।' तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के कनकमेदला रवींद्र कुमार ने कहा कि हजारों की संख्या में मेडिकल शिक्षा की पढ़ाई करने छात्र यूक्रेन गए थे लेकिन युद्ध की स्थिति में वे वहां फंस गए। उन्होंने कहा कि वह सुरक्षित स्वदेश आ गए लेकिन अब उनके भविष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। वहीं बीजू जनता दल (बीजद) के अमर पटनायक ने सुझाव दिया कि देश के सभी सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में दो से पांच प्रतिशत तक सीटों की संख्या बढ़ाकर यूक्रेन से लौटे छात्रों को समाहित किया जाना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के शांतनु सेन ने कहा कि यूक्रेन से लौटे छात्रों की पढ़ाई पूरी हो, इसके लिए सरकार को कुछ विशेष कदम उठाने होगा। यूक्रेन से लौटे छात्रों के भविष्य को लेकर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के विजय साई रेड्डी और तृणमूल कांग्रेस के मोहम्मद नदीमुल हक ने भी चिंता जताई।



### 18 साल तक के बच्चों को फ्री एजुकेशन देने की तैयारी, राज्यों से करनी है बात

**नई दिल्ली।** शिक्षा का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2009 में संशोधन कर 18 साल तक की उम्र के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान करने के सुझाव को मोदी सरकार ने अच्छा बताया है। मोदी सरकार ने कहा कि विषय पर राज्यों से बात करनी होगी और मोदी सरकार अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी के पूरक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। तिवारी ने कहा कि 2009 के कानून में 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान है, इसके बाद में कई बच्चों के 9वीं कक्षा में पहुंचने पर विद्यालय उनसे शुल्क मांगते हैं और उनके सामने परेशानी खड़ी होती है। इसके जबाव में केंद्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि 2009 में तत्कालीन कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के समय लाए गए आरटीई कानून में पर्याप्त प्रावधान नहीं हैं, इस बात को कांग्रेस सांसद तिवारी ने माना है, यह स्वागत योग्य बात है। प्रधान ने कहा कि इस कानून के तहत आठवीं के बाद बच्चों को समस्या आती है, मैं भी स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि यह राज्यों के अधिकार क्षेत्र का विषय है, वहीं कुछ निजी विद्यालय 9 से 12 तक की कक्षाओं में बच्चों को निःशुल्क पढ़ा देते हैं। मंत्री ने कहा कि यह सुझाव अच्छा है और आज यह चिंता सबके सामने आई है।

## चार राज्यों में बंपर जीत के साथ सत्ता में वापसी के बाद भी असमंजस में क्यों है भाजपा?



**नई दिल्ली।** देश में हालही में पांच राज्यों के संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में चार राज्यों में बंपर जीत दर्ज करने वाली भाजपा के अंदर उत्तराखंड और मणिपुर को लेकर थोड़ी असमंजस है। क्योंकि उत्तराखंड में पार्टी की जीत के बाद भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी सीट हार गए। वही मणिपुर में भी मौजूदा मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को अगला कार्यकाल दिया जाएगा या नहीं इस पर भी अटकलें जारी हैं। उत्तर प्रदेश में जीत के बाद शुक्रवार को योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में पार्टी दफ्तर में कैबिनेट की अंतिम बैठक की। इसके बाद उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। सूत्रों की मानें तो यूपी की नई कैबिनेट होली के बाद शपथ लेगी। अटकलें भी लगाई जा रही है कि अधिकांश मौजूदा मंत्रियों को नई सरकार में जगह नहीं मिलेगी।

### गोवा में एमजीपी देगी समर्थन-

गोवा में तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा समर्थन का भरोसा मिलने के बाद भाजपा को यकीन है कि वह बहुमत के आंकड़े तक पहुंच जाएगी। हालांकि पार्टी को महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी( एमजीपी) का समर्थन मिलने का पूरा भरोसा है। एमजीपी के 2 विधायकों के सहारे 40 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी के पास 25 विधायक हो गए हैं।

### उत्तराखंड में कौन होगा अगला मुख्यमंत्री

उत्तराखंड में भाजपा की दुविधा यह भी है कि क्या पुष्कर सिंह धामी को उनकी हार के बावजूद दोबारा सीएम बनाया जाए या फिर किसी अन्य विधायक या सांसद को मुख्यमंत्री बनाया जाए। राज्य की 70 में से 47 सीटें जीतने के बाद, केंद्रीय नेतृत्व ने पीयूष गोयल और धर्मेंद्र प्रधान को बीजेपी विधायक दल की बैठक के लिए पर्यवेक्षक बनाया है। हालांकि यह बैठक कब होगी इसकी तारीख सामने नहीं आई है। एक अखबार सूत्रों के हवाले से लिखता है कि समस्या यह है कि पुष्कर सिंह धामी ने बीते साल तीसरा मुख्यमंत्री बनने के बाद हारती हुई बीजेपी को जिताने के लिए बहुत कुछ किया है। लेकिन वो खुद चुनाव हार गए। हिमाचल प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल जी चुनाव हारे थे। उस वक्त जयराम ठाकुर के तौर पर नया सीएम नियुक्त किया गया था। इसलिए यह तय नहीं है कि पुष्कर सिंह धामी को सीएम नियुक्त करके 6 महीने के अंदर किसी जीते हुए विधायक की सीट खाली करवा के उन्हें चुनाव लड़ाया जाए।

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोस में पेश किया जम्मू-कश्मीर के लिए बजट



**नई दिल्ली।** देश की संसद में बजट सत्र के दूसरे चरण में सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में जम्मू-कश्मीर के लिए बजट पेश किया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने लोकसभा में अनुदान के लिए पूरक मांग, अनुदान की मांग और जम्मू-कश्मीर के लिए अतिरिक्त अनुदान की मांग भी प्रस्तुत की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए वित्त वर्ष 2022-23 का 1.42 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। विपक्ष ने सरकार से मांग की कि बजट प्रस्तावों के अध्ययन के लिये उन्हें पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। सीतारमण ने निचले सदन में जम्मू-कश्मीर के लिए वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांग भी पेश कीं जो 18,860.32 करोड़ रुपए की हैं। वित्त मंत्री ने इसके साथ एक प्रस्ताव भी पेश किया जिसमें कुछ नियमों को निलंबित करके सदन में इसे पेश किए जाने के दिन ही चर्चा शुरू करने की अनुमति देने की बात कही गई है। प्रस्ताव का विरोध करते हुए कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा कि बजट की जांच परख एवं चर्चा करना इस सदन की बुनियादी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा नहीं है, ऐसे में इस पर चर्चा करने की जिम्मेदारी इस सदन की है। उन्होंने सवाल किया कि जब सदस्यों के पास बजट से जुड़ा कोई कागज नहीं है तो फिर किस चीज पर चर्चा होगी?

तिवारी ने कहा कि इस पर कल चर्चा होनी चाहिए और आसन को इस बारे में व्यवस्था देनी चाहिए। आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन ने कहा कि नियम में 205 बहुत स्पष्ट है कि बजट को पेश करने के दिन इस पर चर्चा नहीं होगी और संविधान में इसका प्रावधान है। उन्होंने कहा कि सदस्यों के पास बजट की कोई प्रति नहीं है तो वे कैसे देखेंगे कि जम्मू-कश्मीर का हित सुनिश्चित हो। इस पर पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि अगर यह विषय एजेंडे में शामिल है जो इसकी लोकसभा अध्यक्ष ने मंजूरी दी होगी। इसके बाद सदन ने ध्वनिमत से इस नियमों में छूट देने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

## सोनिया ने कहा, अमरिंदर सिंह का बचाव करना मेरी गलती

### कैप्टन का पलटवार, हार के लिए गांधी परिवार जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में कांग्रेस की हार के बाद कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी का बड़ा बयान सामने आया है। सोनिया गांधी ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह का बचाव करना उनकी गलती थी। बता दें कि अमरिंदर ने चुनाव से ठीक पहले पंजाब सीएम के पद से इस्तीफा देकर कांग्रेस पार्टी भी छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने नई पार्टी (पंजाब लोक कांग्रेस) बनाई और बीजेपी संग गठबंधन करके पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 लड़ा, हालांकि, पार्टी



कोई कमाल नहीं कर सकी। कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी मीटिंग में यह बात उठी थी कि अगर कैप्टन को पद से हटाया जाना था तब पहले हटाना था। इसपर सोनिया गांधी ने कहा कि मैं कैप्टन साहब को बचाती रही, यह मेरी गलती थी। दूसरी ओर अमरिंदर सिंह ने गांधी परिवार पर निशाना साधाकर कहा कि पांच राज्यों में कांग्रेस की हार की जिम्मेदारी सिर्फ गांधी परिवार की है। अमरिंदर सिंह ने कहा कि अस्थायी सिद्धू और भ्रष्ट चन्नी का सपोर्ट लेकर कांग्रेस ने खुद की कब्र खोद ली। अमरिंदर सिंह ने गांधी परिवार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि कांग्रेस सिर्फ पंजाब में नहीं बल्कि यूपी, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भी हारी है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि लोगों का गांधी परिवार के नेतृत्व पर से भरोसा उठ चुका हैं।

बता दें कि चुनावी नतीजों के बाद कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग हुई थी। इसमें सोनिया गांधी ने कहा था कि कुछ लोगों को लगता है, कि गांधी परिवार की वजह से पार्टी कमजोर हो रही है।अगर आप लोगों को ऐसा लगता है,तब हम किसी भी प्रकार का त्याग करने के लिए तैयार हैं।

## खास खबर

### कांग्रेस को खत्म कर बापू का सपना पूरा कर रहे राहुल गांधी : नरोत्तम मिश्रा

**भोपाल।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने की मांग पर मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने तंज



कसा है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस वैसे ही अपने अंतिम दौर में है। शायद इसकारण कांग्रेसी चाहते हैं, कि कांग्रेस को इस हालत में पहुंचाने वाले के ही सर-माथे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का कांग्रेस खत्म करने का सपना पूरा करने का सेहरा बंधे। गृहमंत्री मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस में कौन अध्यक्ष बने ? कौन नही? यह उनकी पार्टी का अंदूरुनी मामला है, लेकिन यह सर्वविदित है, कि कांग्रेस राजनैतिक दल न होकर अब प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है। यहां गांधी परिवार के अलावा किसी को कमान मिलेगी यह सोचना ही गलत होगा। उन्होंने कहा कि यहां गांधी परिवार का एक व्यक्ति अध्यक्ष पद छोड़ता है,तब दूसरा वहां बैठ जाता है। दूसरा हटता है, तब पहले वाला बैठ जाता है। तीसरा और चौथा भी इस पद के लिए व्यक्ति तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी इस सच्चाई को समझ चुके है, इसकारण उन्होंने भी अब गांधी परिवार से बाहर के किसी व्यक्ति को अध्यक्ष बनाने की मांग छोड़ दी है। कांग्रेस नेता भी समझ चुके है कि लगभग पूरी कांग्रेस मिटा चुके राहुल गांधी को ही अंतिम कील ठोकने का अधिकार देना सही होगा।

### मुंबई में करीब दो करोड़ की चरस बरामद, एक गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई में करीब दो करोड़ रूपये मूल्य का चरस बरामद कर पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई दहिसर पुलिस द्वारा दहिसर टोल नाके के पास की गई जहां 6 किलो 560 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद की गई चरस की कीमत 1 करोड़ 95 लाख है. गिरफ्तार आरोपी का नाम विजय चौहान (32) है. कोर्ट ने उसे 17 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है. आरोपी विजय चौहान यूपी के कानपुर से मुंबई चरस बेचने के लिए आया था और मुंबई के मालाड स्थित मालवणी इलाके में रह रहा था. इस बीच मुंबई पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि एक शख्स दहिसर के पास चरस लेकर आने वाला है. जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर दहिसर चेक नाका पर आरोपी को धर दबोचा. आरोपी चौहान के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. अब पुलिस आरोपी चौहान से इस बारे में पूछताछ कर रही है कि उसके साथ कितने लोग जुड़े हुए हैं. वह कब से चरस के धंधे से जुड़ा हुआ है. इन सभी बातों की पुलिस गहराई से जांच कर रही है.

### पंजाब के बाद आप का मिशन हिमाचल और गुजरात

**नई दिल्ली।** पंजाब चुनावों में शानदार जीत के बाद, आम आदमी पार्टी (आप) हिमाचल प्रदेश और गुजरात के चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार है। इन दोनों प्रदेशों में इस साल नवंबर में मतदान होगा। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मनोनीत मुख्यमंत्री भगवंत मान इन दोनों चुनावी राज्यों में प्रचार करेंगे। हिमाचल प्रदेश और गुजरात दोनों में अब तक भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस का सीधा मुकाबला रहा है। सूरत नगर निकाय चुनाव में मिली सफलता से उत्साहित आप को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के होम स्टेट गुजरात में अवसर की एक झलक दिखाई दे रही है। सूत्र का कहना है, %%जहां तक हिमाचल का सवाल है, यह पंजाब की सीमा से लगा हुआ है और पंजाब में आप ने प्रचंड बहुमत के साथ अभी-अभी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है। आप को उम्मीद है कि पंजाब की लहर हिमाचल प्रदेश तक भी पहुंचेगी।%% आप ने पंजाब चुनाव में 92 सीटें जीतकर शानदार जीत दर्ज की और अपने अधिकांश प्रतिद्वंद्वियों को हाशिये पर धकेल दिया। 117 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस ने 18 सीटों पर जीत हासिल की थीं।

### दिल्ली ट्रैफिककर्मी को कई थप्पड़ मारने वाले दो पुलिसवाले गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर को जाम के दौरान थप्पड़ मारने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है और अब इन पर कानूनी प्रक्रिया चलाने पर विचार चल रहा है। दोनों आरोपी दिल्ली पुलिस के कर्मी हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार यह घटना 10 मार्च की है। 10 मार्च के दिन चिराग दिल्ली के खानपुर इलाके में हेड कांस्टेबल भगीरथ ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान उन्होंने आरोपी कांस्टेबल अशोक और हेड कांस्टेबल सरनाम को उनकी सड़क किनारे खड़ी कार को हटाने के लिए कहा। उन दोनों ने हेड कांस्टेबल की बात मानने से इनकार कर दिया जिसके चलते यह बातचीत बहस में बदल गई।

## न्यूज़ ट्रैक....

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने दूसरे मुकाबले में जर्मनी को हराया

**भुवनेश्वर** । भारतीय महिला हॉकी टीम ने प्रो हॉकी टीम के दूसरे चरण के अपने दूसरे मुकाबले में मेहमान टीम जर्मनी को पेनल्टी शूट आउट में 3-0 से हरा दिया। इस मैच में जर्मनी की फेलिसिया वीडरमैन ने 29वें मिनट में ही एक गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय टीम की ओर से निशा ने 40वें मिनट में एक गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं रही और मुकाबला पैनाल्टी शूट आउट में चला गया। इसमें भारत की तरफ से संगीता कुमारी, सलीमा टेटे और सोनिका ने गोल किया जबकि जर्मनी की ओर से खेल खिलाड़ी गोल नहीं मार सकी। इससे भारतीय टीम को जीत मिल गयी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पहले मैच में जर्मनी के हाथों मिली 2-1 की हार का हिसाब भी बराबर कर लिया। भारतीय टीम को इस जीत के साथ ही बोनस अंक भी मिला है।

### सिंगापुर के युवा खिलाड़ी टिम से मुंबई को रहेंगी उम्मीदें

**दुबई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 सत्र सत्र में सिंगापुर के युवा खिलाड़ी टिम डेविड से मुंबई इंडियंस को काफी उम्मीदें रहेंगी। टिम को मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 8.25 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन के अनुसार बड़ी राशि मिलने से टीम की भी आपसे अपेक्षाएं बढ़ जाती है जिससे खिलाड़ी पर दबाव आता ही है। साथ ही कहा कि यह तब तक नहीं है जब तक आप खेल में हैं। यह तब भी रहता है जब आप मैदान से बाहर रहते हैं। इसलिए खिलाड़ी को हमेशा बेहतर प्रदर्शन के लिए अपने को मानसिक रुप से भी तैयार रखना होता है। यह तभी संभव होता है जब आप दबाव को झेलते हैं और उससे कैसे बाहर निकलते हैं उसका विचार करते हैं। मैंने ऐसे कई खिलाड़ी देखे हैं जिन्हें यह उम्मीद थी और वे इसके तहत आगे बढ़े। बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर उस तरह के खिलाड़ी हैं जिनपर दबाव का प्रभाव नहीं पड़ा। वहीं कई खिलाड़ी ऐसे भी है जिनका खेल दबाव के कारण बेकार हो गया। सिंगापुर के टिम बीबीएल में खेलते हैं। उन्हें पहली बार आईपीएल में खेलने का मौका मिला है और वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

### हिमा सहित शीर्ष खिलाड़ी एथलेटिक्स मीट में भाग लेंगे

तिरूवनंतपुरम । हिमा दास सहित शीर्ष फर्राटा एथलीट यहां इंडियन ग्रां प्री वन एथलेटिक्स मीट में भाग लेंगे। इस एथलेटिक्स मुकाबले में अमोज जैकब , निर्मल टॉम और राजीव अरोकिया के अलावा अमलान बोरगोहेन और एन श्रीनिवास भी भाग लेंगे। जैकब और निर्मल 400 मीटर में और बाकी 200 मीटर में नजर आएंगे। ये खिलाड़ी टोक्यों ओलंपिक में भी शामिल थे। हिमा, एस धनलक्ष्मी और एटी दानेश्वरी महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा में भाग लेंगी जबकि दंडी ज्योतिका 400 मीटर में उतरेंगी। इस दौरान राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी लंबी कूद के खिलाड़ी एम श्रीशंकर बेलग्रेड में अगले सप्ताह होने वाले विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैम्पियनशिप के लिए अपनी तैयारियों को देखना चाहेंगे। उन्हें मोहम्मद अनीस याहया , युगांत शेखर सिंह , एल्डोस पॉल और प्रवीण चित्रावल से कड़ी टक्कर मिलेगी। वहीं कविता यादव और सी गुमनारम महिलाओं की ओर से 5000 मीटर वर्ग में भाग लेंगी।

### भारत vs श्रीलंका दूसरा टेस्ट

# इंडिया पांच साल बाद कर सकती है श्रीलंका को क्लीन स्वीप

**बेंगलुरु** । बेंगलुरु में खेले जा रहे डे-नाइट टेस्ट मैच में भारत ने श्रीलंका के सामने 447 रन का टारगेट रखा है। जवाब में श्रीलंका ने दूसरे दिन स्टंप्स तक 1 विकेट खोकर 28 रन बना लिए हैं। कप्तान दिमुथ करुणारत्ने 10 और कुसल मेंडिस 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारतीय गेंदबाजों के इस टेस्ट में प्रदर्शन को देखते हुए बहुत संभव है कि भारत आज तीसरे दिन ही मैच अपने नाम कर ले। अगर टीम इंडिया श्रीलंका को ऑलआउट कर लेती है तो वो तीसरी बार श्रीलंकाई टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप करेगी। इससे पहले 1993-94 और 2017 में भारतीय टीम ये कारनामा कर चुकी है।



दिन-रात्रि के इस मैच में भारतीय टीम ने श्रेयस अय्यर के 92 रनों की सहायता से अपनी पहली पारी में 252 रन बनाये थे। वहीं इसके बाद श्रीलंकाई टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी और 109 रनों पर ही आउट हो गयी। सबसे ज्यादा 43 रन एंजिलो मैथ्यूज ने बनाये। वहीं भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए। पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम को 143 रनों की बढ़त मिली है। भारतीय टीम ने इसके बाद अपनी दूसरी पारी 9 विकेट पर 303 रन पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी और इस प्रकार मेहमान टीम श्रीलंका को जीत के लिए 447 रनों का लक्ष्य मिला। जीत के लिए मिले 447 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की दूसरी पारी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। भारतीय गेंदबाजों ने बल्लेबाज लाहिरू थिरिमाने को खाता खोले बिना ही पेवलियन भेज दिया। वहीं इससे पहले भारतीय टीम की दूसरी पारी में भी श्रेयस ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 67 रन बनाए। ऋषभ पंत ने तेजी से अर्धशतक लगाया। ऋषभ ने 46 गेंदों में ही 50 रन बना दिये। हनुमा विहारी 35 रन बनाकर बोल्ड हुए जबकि कप्तान रोहित शर्मा ने भी 46 रनों की पारी खेली पर पूर्व कप्तान विराट कोहली फिर नाकाम रहे और 13 रन ही बना पाये।

## टी20 विश्व कप से पहले अहम रहेगी दक्षिण अफ्रीका सीरीज

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम जून में अपनी ही धरती पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टी20 सीरीज खेलेगी। 5 मैचों की इस घरेलू टी20 सीरीज का आयोजन आईपीएल के 15 सत्र के समाप्त होने के बाद होगा। इसके मुकाबले कटक, विशाखापत्तनम, दिल्ली, राजकोट और चेन्नई में खेले जाएंगे। बीसीसीआई के अनुसार इस सीरीज का पहला टी20 मैच 9 जून को जबकि 5वां और अंतिम मुकाबला 19 जून को खेला जाएगा। इस साल के अंत में होने वाले ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए ही यह सीरीज दोनों टीमों के लिए अहम बतायी जा रही है। भारतीय क्रिकेट टीम के हौसले इस समय बुलंद हैं।टीम इंडिया इस समय आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर कायम है। भारतीय टीम ने लगातार 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतकर अफगानिस्तान के सबसे ज्यादा मैच जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। टीम इंडिया के पास दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपने नाम बड़ा रिकॉर्ड दर्ज करने का अवसर होगा। भारतीय टीम के लिए यह साल बेहद व्यस्त रहने वाला है। भारतीय टीम को जून में आयरलैंड का भी दौरा करेगीहै। क्रिकेट आयरलैंड के जारी कार्यक्रम के अनुसार दोनों टीमों के बीच जून के अंतिम सप्ताह में 2 टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। सीरीज का पहला टी20 मैच 26 जून को जबकि दूसरा 28 जून को खेला जाएगा। भारतीय टीम इससे पहले अंतिम बार साल 2018 में आयरलैंड गयी थी।

## सचिन व सहवाग के क्लब में अय्यर भी हुए शामिल

**बेंगलुरू** । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने श्रीलंका के खिलाफ पहली पारी में बनाये 92 रनों की अपनी पारी की बदौलत एक विशिष्ट क्लब में जगह बनायी है। अय्यर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बाद 90 के स्कोर पर स्टंप आउट होने वाले चौथे बल्लेबाज बने हैं। साल 2001 में इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच के दौरान सचिन 90 रन पर स्टंप हुए थे। वहीं सहवाग श्रीलंका के खिलाफ साल 2010 में खेले गये कोलंबो टेस्ट में 99 रन पर आउट हुए थे। इस सूची में पहले नंबर पर दिग्गज बल्लेबाज दिलीप वेंगसरकर थे जिन्होंने साल 1987 में पाकिस्तान के खिलाफ चेन्नई टेस्ट मैच के दौरान 96 रन बनाये थे।



*हैम्लिटन में पाकिस्तान के खिलाफ महिला विश्वकप मुकाबले में जीत के बाद उत्साहित बांग्लादेशी खिलाड़ी।*

## धोनी की तरह है मेरी कप्तानी का तरीका: डुप्लेसी

**बेंगलुरू** । विराट कोहली की जगह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान बनाये गये दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फाफ डुप्लेसी को आईपीएल के 15 वें सत्र में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। टीम की कप्तानी के लिए तैयार डुप्लेसी के अनुसार उनके नेतृत्व का तरीका भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तरह ही है। डुप्लेसी भी आरसीबी में आने से पहले धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में शामिल रहे हैं।इस क्रिकेटर ने कहा, 'मैं भाग्यशाली हूं कि मैं क्रिकेट में अपनी यात्रा में कुछ शानदार कप्तानों के साथ खेला। मैं दक्षिण अफ्रीका के अब तक के सर्वश्रेष्ठ कप्तान ग्रीम स्मिथ के साथ खेलते हुए बड़ा हुआ।% उन्होंने कहा, 'इसके बाद 10 साल धोनी और स्टीफन फ्लेमिंग के साथ मैं रहा।% डुप्लेसी ने कहा, 'मुझे लगता है कि धोनी और मेरी कप्तानी के तरीके में काफी समानता है क्योंकि हम दोनों ही बहुत शांत व्यक्तित्व वाले हैं।% उन्होंने कहा, 'जब मैंने चेन्नई के साथ शुरूआत की थी तो दक्षिण अफ्रीका में कप्तानी संस्कृति को देखते हुए मुझे धोनी पूरी तरह से अलग लगे थे।% उन्होंने कहा, 'मुझे फिर पता चला कि कप्तानी के अलग तरीके हो सकते हैं पर अपना तरीका होना अहम है क्योंकि जब दबाव आता है तो खुद का तरीका ही काम आता है। इसलिए मैं विराट कोहली की कप्तानी की शैली नहीं अपना सकता क्योंकि मैं विराट कोहली नहीं हूं। मैं धोनी की तरह की कप्तानी की कोशिश भी नहीं कर सकता।

### डुप्लेसिस के कप्तान बनने पर हैरानी नहीं हुई : गावस्कर

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि फाफ डु प्लेसिस के रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान बनने से वह हैरान नहीं हैं। डु प्लेसिस को आईपीएल 2022 मेगा नीलामी में आरसीबी ने 7 करोड़ रुपए में खरीदा था। गावस्कर ने कहा कि कप्तानी अनुभव का भार, नेतृत्व की गुणवत्ता का भार जो आप डु प्लेसिस में देखते हैं। उससे मैं बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का कप्तान रहते हुए डु प्लेसिस ने जिस प्रकार से टीम को आगे बढ़ाया है। वह देखने वाली बात है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट में एक समय ऐसा भी आया जब थोड़ी उथल-पुथल मची हुई थी। तबहवह टीम को एक साथ लाने और दक्षिण अफ्रीका को शीर्ष पर पहुंचाने में सफल रहे। आरसीबी द्वारा फाफ को कप्तानी सौंपने का फैसला काफी अच्छा है। उन्होंने कहा कि एबी डिविलियर्स के संन्यास के बाद अब डु प्लेसिस बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे। वह आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करना चाहते हैं, रास्ता दिखाना चाहते हैं। आरसीबी के लिए यह रोमांचक समय है।

## व्यापार न्यूज

### एक अप्रैल से पुराने वाहनों का दोबारा रजिस्ट्रेशन होगा महंगा

**नई दिल्ली** । दिल्ली को छोड़कर पूरे देश में एक अप्रैल से 15 साल से पुराने वाहनों का दोबारा रजिस्ट्रेशन महंगा होने जा रहा है। बताया जा रहा है ?कि एक दशक से अधिक पुराने वाहनों के पंजीकरण के नवीनीकरण की लागत अगले महीने से आठ गुना अधिक हो जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार सभी 15 साल पुरानी कारों के पंजीकरण को नवीनीकृत करने की लागत 600 रुपए की मौजूदा दर की तुलना में 5,000 रुपए होगी। दोपहिया वाहन के लिए ग्राहक को 300 रुपए के बजाय 1,000 रुपए का भुगतान करना होगा। जबकि आयातित कारों के लिए लागत 15,000 रुपए के बजाय 40,000 रुपए हो जाएगी। इसके अलावा निजी वाहनों के पुन: पंजीकरण में देरी से हर महीने अतिरिक्त 3000 रुपए खर्च होंगे। व्यावसायिक वाहनों के लिए हर महीने 500 रुपए का जुर्माना होगा। नए नियमों के मुताबिक 15 साल से पुराने हर निजी वाहन को हर पांच साल में नवीनीकरण के लिए आवेदन करना होगा। हालांकि, इस नियम में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को छूट है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि शहर में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों को क्रमश: 15 और 10 वर्षों के बाद अपंजीकृत माना जाता है। इसके अलावा पुराने ट्रांसपोर्ट और व्यावसास?यिक वाहनों के फिटनेस टेस्ट का खर्च भी अप्रैल से बढ़ जाएगा। परिवहन मंत्रालय द्वारा संशोधित दरों के अनुसार, फिटनेस परीक्षण की लागत 1 अप्रैल से टैक्सियों के लिए 1,000 रुपए के बजाय 7,000 रुपए होगी। यह बसों और ट्रकों के लिए 1,500 रुपए के बजाय 12,500 रुपए होगी। इसके अलावा आठ साल से पुराने व्यावसायिक वाहनों के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट अनिवार्य होगा।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे टूटा



**मुंबई** । रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के कारण भू-राजनीतिक खतरा बढ़ने के बीच निवेशकों द्वारा सुरक्षित ठिकाना खोजने से रुपया सप्ताह के पहले कारोबारी ?दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 18 पैसे की गिरावट के साथ 76.62 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों के लगातार बाहर जाने और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। हालांकि शेयर बाजार में मजबूती से रुपए को समर्थन मिला और गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.63 पर कमजोर खुला, फिर यह थोड़े सुधार के साथ 76.62 पर आया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 18 पैसे की गिरावट को दर्शाता है।







## बाजार की अस्थिरता के चलते अप्रैल तक टाले जा सकते हैं एलआईसी के आईपीओ

**नई दिल्ली** । देश के शेयर बाजार में भारतीय जीवन बीमा कार्पोरेशन (एलआईसी) के आईपीओ का इंतजार निवेशक बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं लेकिन अब मार्च के बजाय यह अप्रैल में आएगा। मामले की जानकारी रखने वाले तीन अधिकारियों ने योजना में बदलाव के बारे में अवगत कराया। बाजार में चल रही अशांति के कारण सरकार को देश के सबसे आईपीओ को आगे बढ़ाने के लिए सोचने पर मजबूर होना प? रहा है। अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि केंद्र बाजार की अस्थिरता को करीब से देख रहा है, और आईपीओ के समय के लिए निवेशकों की दिलचस्पी प्रमुख निर्णायक कारक होगी।

सरकार बिक्री के लिए ऑफ़र (ओएफएस) के माध्यम से बीमाकर्ता में अपनी हिस्सेदारी का 5 फीसदी बेचने की योजना बना रही है और इसका मूल्यांकन 75,000 करोड़ रुपए तक है। उन्होंने कहा, %हम अगले महीने, शायद अप्रैल के अंत में एलआईसी का आईपीओ लाने की कोशिश करेंगे। हम इसमें और देरी नहीं करना चाहते। हमारे पास 12 मई तक का समय है।% दूसरे अधिकारी ने कहा कि पिछले महीने की तुलना में पिछले सप्ताह में अस्थिरता कम हुई थी जब वैश्विक सूचकांकों में भारतीय बाजार में भी तेज गिरावट देखी गई थी; हालांकि, आईपीओ पर आगे बढ़ने से पहले संस्थानों और खुदरा निवेशकों की भावनाओं को ध्यान में रखना होगा। सूत्र का कहा है, हम स्थिरता में निश्चितता के लिए भारत अस्थिरता सूचकांक (वीआईएक्स) देख रहे हैं, और हमें आगे बढ़ने से पहले बाजार का अच्छा रहना होगा, लेकिन 31 मार्च की समय सीमा अब ठीक नहीं है। बड़े निवेशकों को चेक देना होगा, उन्हें ऑन बोर्ड होना चाहिए लेकिन आईपीओ का एक ब?ा हिस्सा रिटेल निवेशकों के लिए है और उसे पूरी तरह से सब्सक्राइब करने की आवश्यकता है, जिसका अर्थ है कि बड़ी संख्या में लोग इसमें निवेश करेंगे। सूचीबद्धता के बाद शेयर कीमतों में उथल-पुथल खुदरा निवेशकों को निराश कर सकती है। सूत्र का कहना है, सरकार ऐसी स्थिति से बचना चाहेगी। मौजूदा डीमैट खाते और एलआईसी के शेयर खरीदते हैं।




पहले बताया था कि कम से कम 70 मिलियन पॉलिसीधारकों के पैन का एलआईसी पॉलिसियों से मिलान किया गया है और डीमैट खातों से जोड़ा गया है। इसमें से कम से कम 45 मिलियन पॉलिसीधारकों को एलआईसी आईपीओ में निवेश करने में सक्षम होने के लिए नए पैन नंबर मिले हैं। खुदरा निवेशकों के लिए एलआईसी के कुल शेयरों का 10 फीसदी पॉलिसीधारकों के लिए आरक्षित होगा।

### मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार

## सेंसेक्स 309 अंक चढ़ा, निफ्टी 16,700 के पार

**मुंबई** । एशियाई बाजारों में मिलेजुले रूख और आईटी कंपनियों में भारी लिवाली के कारण सोमवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी रही। शेयर बाजार में लगातार पांचवे दिन तेजी रही। इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 309.91 अंक चढ़कर 55,860.21 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई निफ्टी शुरुआती कारोबार में 72.1 अंक की बढ़त के साथ 16,702.55 पर आ गया। सेंसेक्स में इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, विप्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर लाभ में थे। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज के शेयर नुकसान में थे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुक्रवार को कारोबार के अंत में 85.91 अंक की बढ़त के साथ 55.550.30 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 35.55 अंक बढ़कर 16,630.45 अंक पर बंद हुआ था।



## सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट

**मुंबई** । सप्ताह के पहले दिन सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार गिरावट देखी गई है। बीते दिनों 55 हजार के स्तर तक उछाल भरने के बाद आज सोना एक बार फिर टूटकर 52 हजार के स्तर पर आ गया, वहीं चांदी भी फिसलकर 70 हजार के स्तर पर आ गई। सोमवार को सोने की कीमत 0.25 फीसदी फिसलकर 52,748 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गई। कच्चे तेल की कीमतों में आई कमी का असर कीमती धातुओं के दाम पर भी देखने को मिल रहा है। इसके चलते जहां एक ओर सोने का दाम टूटा है तो दूसरी ओर चांदी की कीमत में भी कमी आई है। चांदी में *+0.50 फीसदी की गिरावट आई है और इसके साथ ही यह कीमती धातु 70,015 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। गौरतलब है कि रूस यूक्रेन के बीच बातचीत की सुगबुगाहट के चलते कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है और ये 108 डॉलर प्रति बैरल तक गिर गई हैं। इसका सीधा असर कीमती धातुओं के दाम पर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है ?कि बीते दिनों कच्चे तेल का भाव अपने 14 साल के शिखर पर 139 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है।




# भाजपा ने रचा इतिहास

**सिद्धार्थ शंकर**

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने दोबारा सरकार बनाकर नया इतिहास रचा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम चार रिकॉर्ड दर्ज हो गए। इसके साथ कई मिथक भी टूटे हैं। 18 साल में यह पहली बार है, जब किसी मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव लड़ा। इससे पहले 2003 में सीएम रहते हुए मुलायम सिंह यादव ने मैनपुरी से चुनाव लड़ा था। इस बार सीएम योगी गोरखपुर से चुनावी मैदान में थे। भाजपा की जीत के बाद यह तय है कि योगी आदित्यनाथ ही फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। देश की आजादी के बाद उत्तर प्रदेश में ऐसा पहली बार होगा, जब कोई मुख्यमंत्री अपने पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद दोबारा सत्ता पर काबिज होगा। प्रदेश के 70 साल के इतिहास में अब तक ऐसा नहीं हुआ है। यह अलग बात है कि यूपी में ऐसे कई मुख्यमंत्री हुए, जो दोबारा सत्ता में आए, लेकिन उनमें से किसी ने पहले पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया था। इनमें संपूर्णानंद, चंद्र भानू गुप्ता से लेकर हेमवती नंदन बहुगुणा तक के नाम शामिल हैं। ये सभी मुख्यमंत्री रहते हुए दोबारा सत्ता में काबिज हुए, लेकिन किसी का पहला कार्यकाल एक साल का था तो किसी का दो या तीन साल का। यह भी एक संयोग ही है कि मायावती से लेकर अखिलेश यादव और खुद योगी आदित्यनाथ तक विधान परिषद के जरिए मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे। मतलब इनमें से कोई भी नेता विधायक रहते हुए सीएम नहीं बना। 2003 में आखिरी बार मुलायम सिंह यादव मैनपुरी के गुन्नौर से मुख्यमंत्री रहते हुए चुनाव लड़े थे। चुनाव जीतने के बाद वह विधायक बने और फिर 2007 तक सत्ता संभाली। 2007 में मायावती मुख्यमंत्री बनीं, लेकिन बिना चुनाव लड़े। 2012 में अखिलेश यादव और 2017 में योगी आदित्यनाथ भी विधान परिषद के रास्ते ही मुख्यमंत्री बने। इस बार योगी आदित्यनाथ खुद चुनाव लड़ रहे हैं। 2017 में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने थे। अब वह पांच साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। अब एक बार फिर उनकी सत्ता में वापसी हुई है। वह 1985 के बाद ऐसे पहले मुख्यमंत्री होंगे, जो अपनी पार्टी को लगातार दूसरी बार सत्ता दिलाएंगे। उत्तर प्रदेश के इतिहास में ऐसे पहले मुख्यमंत्री और राजनेता होंगे, जिनके नेतृत्व में विधानसभा का निर्धारित पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद कोई दल फिर सत्ता में वापसी करेगा। यदि वह मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते हैं तो लगातार पांच साल पूरा करने के बाद दूसरी बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले भी पहले नेता होंगे। यूपी में अब तक माना जाता रहा है कि नोएडा जाने वाले मुख्यमंत्री की कुर्सी सुरक्षित नहीं रहती है। उसकी सत्ता में वापसी नहीं होती। इस कारण कुछ मुख्यमंत्री तो नोएडा जाने से बचते रहे। उद्घाटन या शिलान्यास को लेकर कुछ को कार्यक्रम के सिलसिले में वहां जाने की जरूरत पड़ी तो नोएडा न जाकर अगल-बगल या दिल्ली के किसी स्थान से इस काम को पूरा किया गया। योगी ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो नोएडा जाने से डरने के बजाय वहां कई बार गए। उन्होंने नोएडा जाने के बाद भी लगातार पांच साल मुख्यमंत्री रहकर एक मिथक तोड़ दिया, लेकिन अब सत्ता में वापसी का मिथक भी तोड़ चुके हैं।

# कांग्रेस की हार के मायने!

**श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ईवीएम के माध्यम से %लोकतंत्र की हत्या किए जाने% का आरोप लगाते हुए कांग्रेस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने हाथों में तख्तियां ले रखीं थीं जिन पर %ईवीएम से हो रही है लोकतंत्र की हत्या% लिखा हुआ था।हालांकि ईवीएम को लेकर कांग्रेस ने कोई अधिकृत प्रतिक्रिया नही दी है।अलबत्ता उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा ईवीएम भरी गाड़ी मौके पर पकड़े जाने के बाद चुनाव आयोग ने एक एडीएम को निलंबित जरूर किया।

कांग्रेस उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर व गोवा में कांग्रेस आपसी गुटबाजी व सही प्रत्याशियों का चयन न कर पाने के कारण बुरी तरह से हार गई। इस चुनाव में आम जनता याद दिलाने पर भी नोट बन्दी के दुखों को भूल गई।किसान तंगहाली में की गई आत्म हत्याओं को भूल गए,बेरोजगारी चुनावी मुद्दा तक नही बन पाया।महिलाओं को उनका हक,भयमुक्त समाज व भ्रष्टाचार मुक्त शासन अब तक क्यो नही हो पाया?ये सारे सवाल मोदी के सम्मोहन में दबकर रह गए है।कांग्रेस आम लोगो को मोदी सरकार व भाजपा शासित राज्यों की नाकामी समझाने में नाकाम रही है। भाजपा में अकेले मोदी, उनकी पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृह मंत्री अमित शाह ही भाजपा के लिए खेवनहार बने । कांग्रेस में राहुल गांधी व उनकी बहन प्रियंका गांधी के कंधों पर पूरे चुनाव प्रचार का भार टिका था।बाकी नेता या तो असरदार नही थे या फिर वे अपना समय नही दे पाए।साथ ही इस चुनाव में जमीनी स्तर के नेताओं को साथ लेकर भी नही चला गया।ज्यादा तर जनसभाओं में हवाई नेता मंचो पर कब्जा जमाए रहे और जिनके प्रयासों से वोट मिलती उन्हें पास तक फटकने नही दिया गया।अधिकांश कार्यकर्ताओ का चुनाव प्रचार में उपयोग ही नही किया गया।आम वोटरों तक पहुंचने में भी कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता नाकाम रहे।ऐसे में उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर व गोवा मे कांग्रेस को विपक्ष में बैठना जरूर अखरेगा क्योंकि कांग्रेस सत्ता में आने का ख्वाब देख रही थी।उत्तराखंड समेत पांचों राज्यो में कांग्रेस को मिली हार को लेकर विचार मंथन जरूरी है।यह भी जरूरी है कि पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए हाईकमान के दरवाजे खोलने की पहल हो, तभी जमीनी हकीकत से हाईकमान रूबरू हो सकता है।टिकट आवंटन के समय पार्टी के प्रति वफ़ादारों को तरजीह मिले तो काफी कुछ ठीक हो सकता है।इस चुनाव के परिणाम मौजूदा जैसे न होते यदि कांग्रेस ने एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में उतरकर यह चुनाव लड़ा होता।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की अगुवाई में लड़ा गया चुनाव कांग्रेस की दिशा और दशा बदलने में नाकाम साबित हुआ है। %लड़की हूं लड़ सकती हूं% के नारे के साथ कांग्रेस ने यह चुनाव सभी 403 सीटों पर अकेले दम पर लड़ा था जिसमें 40 फीसदी सीटे महिला प्रत्याशियों को देने का न सिर्फ ऐलान प्रियंका ने किया बल्कि उतने टिकट भी दिए। इसका मकसद प्रदेश की महिला आबादी को कांग्रेस के प्रति आकर्षित करना था मगर चुनाव परिणाम दिखाते हैं कि प्रियंका का यह प्रयोग बुरी तरह असफल हुआ है। सीटों के नुकसान के साथ पार्टी का वोट प्रतिशत भी गिरा है। 2017 में पार्टी ने सात सीटे जीतने के साथ 6.25 फीसदी वोट हासिल किये थे जबकि मौजूदा चुनाव में उसका वोट प्रतिशत 2.41 पर टिक गया है।प्रियंका ने पिछले करीब तीन साल से संगठनात्मक ढांचा सुधारने के लिये काफी काम किया मगर चुनाव परिणाम उनकी ईमानदार कोशिश को झुठलाते दिखायी पड़े।

उत्तराखंड व पंजाब में कांग्रेस को जनता ने नही बल्कि उनके अपनो ने ही हराया है।चुनाव से छ महीने पहले ही एक दुसरे को मुख्यमंत्री न बनने देने के लिए एक दूसरे की टांग खींचने का खेल शुरू हो गया था।पंजाब में अच्छी खासी चलती हुई कैप्टन अमरेंद्र सरकार को गिराना, अतिमहत्त्वाकांक्षी नवजोत सिंह सिद्धू को संगठन की बागडोर सौंपना जहां घाटे का



सौदा रहा ,वही उत्तराखंड में कही हरीश रावत मुख्यमंत्री न बन जाए इसके लिए उनकी राह में कांटे बिछाने की भरपूर कोशिश हुई।यहां तक कि उन्हें अपनी पसंद की रामनगर विधानसभा से बेदखल कर नामांकन के आखिरी समय मे लालकुआं भेज दिया गया।इस आपसी कलह के कारण ही हरीश रावत व रणजीत रावत दोनो की हार हुई।संगठन स्तर पर जनाधार वाले साफ छवि के कार्यकर्ताओं को चुनाव की जिम्मेदारी न सौंपकर सिफारिशों के आधार पर रेवडी की तरह पद व जिम्मेदारी बांटी जाती रही।जो पद या फिर जिम्मेदारी लेने के बाद क्षेत्र में गए ही नही सिर्फ मीडिया की सुर्खियां बनते रहे।भाजपा की सरकार में पांच साल मंत्री रहकर कांग्रेस में अपने विधायक पुत्र के साथ वापस आए यशपाल आर्य के पुत्र को टिकट देने के लिए महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सरिता आर्य का टिकट काटना भी कांग्रेस को भारी पड़ा और वह भाजपा से टिकट लेकर विधायक बन गई।इसी प्रकार कांग्रेस की 40 वर्षो तक सेवा करते रहे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय को सिर्फ इस कारण निष्कासित करना कि वे वनाधिकार मुद्दे पर भाजपा नेता प्रहलाद जोशी से मिले,कतई गलत था।प्रदेश कांग्रेस प्रभारी को उनके खिलाफ कार्यवाही से पहले उनका पक्ष जानना चाहिए था।इसी गलती की वजह से किशोर उपाध्याय को भाजपा में जाना पड़ा जहां से वे टिहरी विधायक बन गए।हरिद्वार जिले में भी कांग्रेस हाईकमान ने धरातल की अनदेखी की है।खानपुर में स्थानीय निष्ठावान कार्यकर्ता को टिकट न देकर प्रदेश प्रभारी के चेहते बहारी सुभाष चौधरी को टिकट देने का ही परिणाम रहा कि वह अपनी जमानत भी नही बचा सके।यह सीट कांग्रेस को मिल सकती थी अगर यहां से उदय सिंह पुंडीर या फिर वीरेंद्र रावत में से किसी एक को टिकट दिया गया होता।लक्सर में स्थानीय मजबूत सैनी समाज के नेताओं के होते हुए भी देहरादून से प्रत्याशी आयातित करना कांग्रेस को भारी पड़ा और कांग्रेस यहां बुरी तरह हार गई।रुड़की में इस बार कांग्रेस की लॉटरी लग सकती थी।भाजपा संगठन के कई बड़े पदाधिकारियों की भाजपा प्रत्याशी प्रदीप बत्रा के प्रति बेरुखी कांग्रेस की जीत का आधार बन सकती थी बशर्ते दबंग के बजाए किसी सहज छवि के निष्ठावान कार्यकर्ता को पार्टी प्रत्याशी बनाया गया होता।हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी यशपाल राणा ने भी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा और अगर जो लोग टिकट मांग रहे थे उन सभी ने खुलकर उनका साथ दिया होता तो कांग्रेस रुड़की से जीत सकती थी।मंगलौर में तो काजी निजामुद्दीन को करीब छ सौ के अंतर से ही हार मिली।यहां भी संगठन नदारद ही था,पार्टी ने वर्षो से रिक्त पड़े जिलाध्यक्ष पद पर किसी को बैठाने की कोशिश नही की,परिणाम हार के रूप में हमारे सामने है।इसी तरह से प्रदेश कांग्रेस गणेश गोदियाल का मामूली अंतर से हारने,नवप्रभात की हुई पराजय,मंत्री प्रसाद नैथानी जैसे नेता का विधानसभा न पहुंच पाना अखरता रहेगा। उत्तराखंड में अभी तक जनता हर 5 साल में सरकार बदल देती थी। यही वजह है कि यहां अभी तक 2002 में राज्य बनने के बाद से चार बार विधानसभा चुनाव हुए हैं. हर बार अलग सरकार बनी है। 2002 में यहां कांग्रेस ने सरकार बनाई थी।वहीं, 2007 में बीजेपी, 2012 में कांग्रेस और 2017 में बीजेपी ने सरकार बनाई। लेकिन अब बीजेपी ने यह ट्रेंड तोड़ दिया है।

## जीव है आध्यात्मिक स्फुलिंग

भगवद्गीता में भगवान ने बताया गया है कि जीव भौतिक शरीर नहीं है। वह आध्यात्मिक स्फुलिंग है और परम सत्य परम पूर्ण है। उन्होंने जीव को परम पूर्ण का अंश बताते हुए पूर्ण पर ही ध्यान लगाने की सलाह दी है। कहते हैं कि जो मनुष्य भौतिक शरीर का त्याग करते समय कृष्ण का ध्यान करता है, वह तुरंत कृष्ण के धाम को चला जाता है। भगवान स्पष्ट कहते हैं कि योगियों में से, जो भी अपने अन्तःकरण में निरंतर कृष्ण का चिन्तन करता है, वही परम सिद्ध माना जाता है। इसका यही निष्कर्ष है कि मनुष्य को कृष्ण के सगुण रूप के प्रति अनुरक्त होना चाहिए, क्योंकि वही चरम आत्म-साक्षात्कार है। इतने पर भी ऐसे लोग हैं जो कृष्ण के साकार रूप के प्रति अनुरक्त नहीं होते। वे परम सत्य के उस निराकार रूप का ही ध्यान करना श्रेष्ठ मानते हैं, जो इन्द्रियों की पहुंच के परे है तथा अप्रकट है। इस तरह सचमुच में अध्यात्मवादियों की दो श्रेणियां हैं। अर्जुन यह निश्चित कर लेना चाहता है कि कौन सी विधि सुगम है और इन दोनों श्रेणियों में से कौन सर्वाधिक पूर्ण है। दूसरे शब्दों में, वह अपनी स्थिति स्पष्ट कर लेना चाहता है, क्योंकि वह कृष्ण के सगुण रूप के प्रति अनुरक्त है। वह निराकार ब्रह्म के प्रति आसक्त नहीं है। वह जान लेना चाहता है कि उसकी स्थिति सुरक्षित तो है! निराकार स्वरूप, चाहे इस लोक में हो, चाहे भगवान के परम लोक में, ध्यान के लिए समस्या बना रहता है। वास्तव में कोई भी परम सत्य के निराकार रूप का ठीक से चिन्तन नहीं कर सकता। अतः अर्जुन कहना चाहता है कि इस तरह से समय गंवाने से क्या लाभ? अर्जुन को अनुभव हो चुका है कि कृष्ण के साकार रूप के प्रति आश्वसक्त होना श्रेष्ठ है, क्योंकि इस तरह वह एक ही समय अन्य सारे रूपों को समझ सकता है और कृष्ण के प्रति उसके प्रेम में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं पड़ता।

# ऑपरेशन गंगा - सुलगते सवाल

**निर्मल रानी**

रूस द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध छेड़े गये सैन्य अभियान के बाद भारत सरकार ने यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को भारत वापस बुलाने के लिये जो कथित %बचाव अभियान % छेड़ा उसे %ऑपरेशन गंगा % का नाम दिया गया है। परन्तु यह %बचाव अभियान% यूक्रेन में नहीं चलाया जा रहा बल्कि भारत अपने नागरिकों को यूक्रेन के सीमावर्ती देशों रोमानिया, पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया और मॉल्डोवा आदि देशों से वायुसेना के विमानों से भारत वापस ला रहा है। इसलिये कुछ लोग कह रहे हैं कि इसे %बचाव अभियान% कहने के बजाये %मुफ़्त वापसी हवाई यात्रा अभियान % कहना ज़्यादा मुनासिब होगा। क्योंकि यूक्रेन में बसे भारतीय विशेषकर वहां भारतीय बच्चे किन अभूतपूर्व संकटकालीन परिस्थितियों में भारत सरकार तथा भारतीय दूतावास की किसी भी सहायता के बिना भूखे प्यासे,बीमार अवस्था में ट्रेन,बसों अथवा पैदल मार्ग से भीषण बंबारी व धमाकों के बीच चलते हुए पड़ोसी रोमानिया, पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया व मॉल्डोवा देशों में पहुँच रहे हैं यह सोशल मीडिया पर उनके द्वारा भेजे जा रहे वीडिओ क्लिप से पता चलता है। जबकि हमारे देश का अधिकांश मीडिया यूक्रेन में फंसे भारतीयों के दुःख दर्द बयान करने वाले ऐसे वीडिओज़ को दिखाकर सत्ता के प्रति अपनी वफ़ादारी पर %दाग़ % नहीं लगाना चाहता।

बहरहाल ख़बरों के मुताबिक़ इस स्वदेश वापसी अथवा ऑपरेशन गंगा के तहत गत 8 मार्च तक भारतीय वायुसेना व अन्य भारतीय एयरलाइंस के द्वारा 76 विमानों से 16,000 से अधिक नागरिकों को भारत वापस लाया जा चुका है। जबकि संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने सुरक्षा परिषद को मंगलवार( 8 मार्च) को बताया कि भारत अब तक यूक्रेन से 20 हज़ार भारतीयों को सुरक्षित तरीक़े से बाहर निकालने में



कामयाब रहा। ग़ौरतलब है कि युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीयों को स्वदेश वापस लाने वाली पहली उड़ान 26 फ़रवरी को बुखारेस्ट से भारत पहुंची थी। कहा जा रहा है कि युद्धग्रस्त यूक्रेन से लोगों का पलायन द्वितीय विश्वयुद्द के बाद के दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थी संकट की चुनौती के रूप में सामने आ सकता है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त कार्यालय ने स्वयं यह स्वीकार किया है कि 11 दिनों के युद्ध के दौरान ही तक़रीबन 17 लाख लोग यूक्रेन छोड़ चुके हैं।

%ऑपरेशन गंगा% के दौरान सरकारी प्रतिनिधि के रूप में अनेक मंत्रियों द्वारा अपने सहयोगी %गोदी मीडिया % की जुगलबंदी के साथ फिर वही शर्मनाक हरकतें की जा रही हैं जिन्हें मानवीय व नैतिकता के दृष्टिकोण से हरगिज़ सही नहीं ठहराया जा सकता। गोदी मीडिया की इतनी हिम्मत नहीं कि वह सत्ता से यह सवाल करे कि बावजूद इसके कि रूस व यूक्रेन दोनों ही देशों में भारतीय दूतावास होने के बावजूद क्यों और किन परिस्थितियों में भारतीय दूतावास को समय रहते इस बात की जानकारी नहीं हो सकी कि रूस यूक्रेन पर आक्रमण करेगा ? और इस आक्रमण से पहले भारत समय रहते अपने नागरिकों को यूक्रेन छोड़ने की एडवाइज़री क्यों नहीं जारी कर सका ? बजाय इसके मीडिया यह ज़रूर दिखाता फिर रहा है कि कैसे मोदी सरकार के मंत्री हवाई जहाज़ में घुसकर वापस आये भारतीयों का स्वागत करते हैं और प्रधानमंत्री मोदी का गुणगान करते हैं और उनसे हवाई जहाज़ में मोदी के ज़िंदाबाद के नारे भी लगवाये जाते हैं।

परन्तु यही घटनाक्रम आप सोशल मीडिया पर देखें जिन्हें स्वयं यूक्रेन के भुक्तभोगी भारतीय छात्रों व अन्य भारतीय नागरिकों ने रिकॉर्ड व अपलोड किया है तो ऑपरेशन गंगा के लिये सरकार व मीडिया के जुगलबंदी से सत्ता की पीठ थपथपाने के सभी प्रयास खोखले नज़र आते हैं। उदाहरण के तौर पर एक भारतीय छात्रा ने बताया कि जब वे भारतीय छात्रों के एक दल के साथ किसी तरह रोमानिया पहुंची तो 'रोमानिया के लोगों ने उनकी पूरी सहायता की। उन्हें ठहरने की जगह दी और नाश्ता भोजन व पानी जैसी सभी बुनियादी सहूलियतें मुहैय्या कराई। जबकि ठीक इसके विपरीत रोमानिया में स्थित भारतीय दूतावास के लोगों ने उन भारतीय बच्चों के साथ अत्यंत आपत्तिजनक व गंदा व्यवहार किया। भारतीय छात्रों के अनुसार भारतीय दूतावास के लोगों ने उनसे कहा कि जो छात्र दूतावास के बाथरूम साफ़ करेंगे पहले उन्हीं छात्रों को भारत ले जाया जायेगा,शेष लोगों को बाद में भेजा जायेगा।

# जागरूक उपभोक्ता प्रगति का प्रतीक है

## सूडोकु नवताल- 6011

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6010 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

**डॉ. अशोक कुमार भार्गव**

अर्थ चिंतन की पूंजीवादी अवधारणा में यह स्वीकार्य था कि समाज में उपभोक्ता ही राजा होते हैं क्योंकि इनकी रूचि, पसंद और मांग ही पूरी अर्थव्यवस्था की दिशा तय करने में निर्णायक होती है। इस स्थिति को अमेरिका के विलियम हेराल्ड हट ने पहली बार %उपभोक्ता की सार्वभौमिकता% शब्द से निरूपित किया जैसा कि एक उच्च डच कहावत है ÷डी क्लांट इज कोनिंग÷ अर्थात ग्राहक राजा है। समय के बदलाव के साथ विश्व की विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं में उदारीकरण तथा वैश्वीकरण की संकल्पना ने उपभोक्तावादी संस्कृति को प्रोत्साहित किया। बाजार नियंत्रित समाजों में प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण सृजित हुआ जहां नैतिकता, ईमानदारी और मानवीय मूल्यों का अभाव था। विशुद्ध मुनाफाखोरी, कालाबाजारी, अनैतिक व्यापार की दूषित मानसिकता ने उपभोक्ता की सार्वभौमिकता के प्रभाव को निस्तेज कर दिया। यह धारणा विकसित हुई कि समाज के भीतर व्याप्त प्रत्येक तत्व उपभोग करने योग्य है। आवश्यकता बस इतनी है कि उसे सही तरीके से एक आवश्यक वस्तु के रूप में बाजार में स्थापित कर दिया जाए। उपभोक्ताओं को रूपहले मायावी, विज्ञापनों के आकर्षण की मृग मरीचिका से भ्रमित कर उनके लिए महंगी और गैर जरूरी वस्तुओं की भूख जागृत की। आधुनिक जीवन शैली को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बना दिया। बड़े-बड़े उद्योगपतियों और कंपनियों ने स्वयं को सामाजिक दायित्व बोध से मुक्त कर अपने उत्पादों के खोखले दावों और मिथ्या प्रचार के भ्रम जाल में उपभोक्ताओं को कैद कर लिया। बड़े-बड़े लोकप्रिय सेलिब्रिटिओं ने



भी कुछ अपवादों को यदि छोड़ दें तो बिना जांच-पड़ताल के ही ऐसे मिथ्या विज्ञापनों को रूपायित किया जो उपभोक्ताओं के प्रति उनकी गैर जिम्मेदारी को प्रकट करते हैं। फलस्वरूप उपभोक्ताओं को असल और नकल के बीच की महीन रेखा को पहचानना कठिन हो गया। ऐसी विषम परिस्थितियों ने उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिए उपभोक्ता आंदोलन को जन्म दिया जो अमेरिका में रालफ नाडेर के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। 15 मार्च 1962 को अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने अमेरिकी संसद में उपभोक्ता संरक्षण संबंधी विधेयक को मंजूरी दी जिसमें उपभोक्ता सुरक्षा का, सूचित किये जाने, चयन करने और सुनवाई करने के अधिकार थे। बाद में प्रतितोषण पाने और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार जोड़ा जो संयुक्त राष्ट्र संघ के मानवाधिकार घोषणापत्र में भी सम्मिलित थे। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 15 मार्च 1983 से विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाना प्रारंभ किया। भारत में 1966 में मुंबई से फेयर प्रैक्टिस एसोसिएशन ने उपभोक्ता आंदोलन, उद्योगपति जेआरडी टाटा के नेतृत्व में प्रारंभ किया। 1974 में श्री बीएम जोशी ने पुणे में स्वयंसेवी संगठन के रूप में ग्राहक पंचायत की स्थापना की। तत्पश्चात देश के विभिन्न राज्यों में उपभोक्ता हितों के संरक्षण हेतु स्वयंसेवी संगठनों का गठन प्रारंभ हुआ और उपभोक्ता आंदोलन निरंतर आगे बढ़ता रहा। भारत सरकार ने कानूनी स्तर पर 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया जिसमें 1993 एवं 2002 में आवश्यक संशोधन किए गए। लेकिन सूचना क्रांति के विस्फोट के इस दौर में बाजार में आए बदलावों के चलते यह अनेक मामलों में लगभग अप्रासंगिक होने, अनुचित व्यापारिक लेन-देन, वस्तुओं के कृत्रिम संकट, मूल्यों में हेराफेरी, अमानक और गुणवत्ताहीन वस्तुओं के विक्रय, वस्तुओं के घटिया उत्पादों, वजन, माप, मात्रा में बेईमानी तथा नए बाजार के उपभोक्ताओं की बदली हुई जरूरतों को पूरा करने के संबंध में पर्याप्त समाधान नहीं कर सका। इसीलिए वर्ष 2019 में इस विधेयक में संयुक्त राष्ट्र संघ के उपभोक्ता संरक्षण पर जारी दिशा-निर्देशों को समाविष्ट कर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू किया गया। विधेयक में उपभोक्ता वह व्यक्ति है जो अपने उपयोग के लिए कोई वस्तु खरीदता है या सेवा प्राप्त करता है जिसमें इलेक्ट्रॉनिक तरीके से टेलिशॉपिंग, बहुस्तरीय मार्केटिंग या सीधे खरीद के जरिए किए जाने वाले सभी तरह के ऑनलाइन या ऑफलाइन लेनदेन भी सम्मिलित है किन्तु ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जो व्यावसायिक उद्देश्य के लिए किसी वस्तु या सेवा को खरीदते हैं।

# जन आस्था के प्रतीक है खाटू के श्री श्याम

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हमारे देश में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं मंदिरों में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्व विख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 25 से 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे।

कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा।

# चंबल बचाओ आंदोलनः बाइक जत्थों के बाद एसडीएम कार्यालयों पर प्रदर्शन कर दिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

### 28 मार्च को किए जाएंगे धरना प्रदर्शन





**मुरैना।** चंबल बचाओ बाइक जत्था यात्रा के बाद अंबाह, मुरैना, जौरा, सबलगढ़, श्योपुर कलां में अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) के कार्यालयों पर प्रदर्शन कर किसानों ने मध्य प्रदेश किसान सभा के नेतृत्व में जो अखिल भारतीय किसान सभा से संबंध्द है, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए। किसानों की मांग है कि नए सिरे से नोटिफिकेशन जारी कर किसानों को व्यक्तिगत सूचना देकर दावे आपत्ति लिए जाएं, पीढ़ियों से शासकीय बीहड़ की भूमि पर काबिज किसानों का कब्जा इंद्राज कर उन्हें भी जमीन के बदले जमीन दी जाए, अधिग्रहण से प्रभावित जो किसान दुगनी जमीन लेना चाहते हैं, उन्हें जमीन को विकसित करने के लिए 1 लाख रूपए प्रति बीघा आर्थिक सहायता दी जाए और जो किसान जमीन नहीं लेना चाहते हैं उन्हें बाजार मूल्य से 3 से 5 गुना मुआवजा भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के प्रावधानों के अनुसार दिया जाए, एक्सप्रेस वे के दोनों ओर एक-एक किलोमीटर के कॉरीडोर (गलियारे) में कॉरपोरेट कंपनियों के बजाय किसानों को जमीन के पट्टे दिए जाए, एक्सप्रेस वे पर निकासी के लिए बड़े-बड़े गांवों पर कट दिए जाएं। इसके अलावा अटल प्रोग्रेस को सही एलाइनमेंट के आधार पर ही बनाया जाए, गोंदोली कढाबना आदि गांव जो प्रभावित हो रहे हैं, उन्हें बचाया जाए। उक्त मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम किसानों ने ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए आंदोलन के आगामी चरण में 28 मार्च को सभी जगह धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किए जाएंगे, यह चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार चंबल के बीहड़ की जमीन को कॉर्पोरेट कंपनियों को देने से बाज आए, सरकार का यह कदम आत्मघाती होगा। किसान नेताओं ने बताया कि श्योपुर में 24 मार्च को किसान महापंचायत का आयोजन रखा गया है। उनका कहना है कि आगामी आने वाले दिनों में सरकार ने इन मांगों को नहीं माना तो आंदोलन तेज होगा।

### इनके नेतृत्व में दिया गया ज्ञापन

ज्ञापन दिए जाने के दौरान अंबाह में किसान सभा के सुभाष शर्मा, जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्षा श्रीमती सुमन शर्मा, सुरेंद्र तोमर, श्रीनिवास श्रीवास आदि प्रमुख रहे, मुरैना में दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रांतीय संयोजक जेके पिप्पल, मध्य प्रदेश किसान सभा के श्रीकृष्ण यादव, अशोक जाटव, राजेंद्र जाटव, बैजनाथ पिप्पल, हरी सिंह, गुड्डी बाई, अशोक दोनेरिया ने नेतृत्व किया। जौरा में गयाराम सिंह धाकड़, हंसराज शर्मा, नरहरी शर्मा, प्रेम सिंह, बृजमोहन केवट, सबलगढ़ में अशोक तिवारी, मुरारी लाल धाकड़, आदि राम आर्य, घमंडी केवट, रघुवीर केवट, सोने राम केवट सरपंच, बंटी गुर्जर विशाल जाटव, अशोक राठौर, इसराइल खान आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में श्योपुर कलॉ में किसान सभा के प्रांतीय सचिव अखिलेश यादव, माकपा राज समिति सदस्य महेश प्रजापति, संघर्ष समिति के अध्यक्ष राम भरत मीणा, राधेश्याम मीणा, मलखान सिंह मीणा, सईद मोहम्मद, रमा रामशंकर मीणा, मुरारी लाल अग्रवाल एडवोकेट, बीरबल सिंह चैन, अंगद सिंह जाटव आदि प्रमुख रहे। भिंड जिले के अटेर में भी किसान नेता प्रेम नारायण माहौर, राजीव दीक्षित, राजेश शर्मा, अनिल धनेरिया आदि के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया।

## सीएम हेल्पलाइन में कोताई बर्दाश्त नहींः कलेक्टर

**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि मुख्यमंत्री होली के बाद सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करेंगे। जिसमें मुरैना जिले में अभी भी 2 हजार 392 शिकायतें लंबित है, जो 62 प्रतिशत पोर्टल पर दिख रहीं है। उन्होंने कहा कि इन शिकायतों को दो दिवस में निराकरण करें, जिसमें विशेषकर फरवरी माह की शिकायतों को किसी भी हालत में फोर्स क्लोज नहीं की जाये। उन्हें समाधान करके ही निराकरण करें। कलेक्टर ने बताया कि अगले सप्ताह के लिये जो लक्ष्य दिया गया है, अधिकारी उसे पूर्ण करें। मेरे द्वारा बुधवार को प्रातः 10:15 बजे गूगल से समीक्षा करूंगा। सीएम हेल्पलाइन का निराकरण करने के लिये इस सप्ताह मात्र 3 दिन शेष है। इसके बाद होली की छुट्टी होने के बाद अधिकारी ध्यान नहीं देंगे। कलेक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि इस सप्ताह का जो टारगेट सीएम हेल्पलाइन में दिया गया है, उसे 17 मार्च तक पूर्ण करें। जो अधिकारी नहीं करेगा, उन्हें होली के दिन बुलाकर सीएम हेल्पलाइन निराकरण कराऊंगा। कलेक्टर ने बताया कि 100 दिवस की सीएम हेल्पलाइन के तहत 2 हजार 303 शिकायतें पोर्टल पर लंबित पायी गई है, यह आंकडा 64 प्रतिशत है। पिछले सप्ताह से इस सप्ताह शिकायतें बढी हुई पायी गई है। इससे यह प्रतीत होता है कि पिछले सप्ताह अधिकारियों ने 100 दिवस की शिकायतों का निराकरण नहीं किया है। ऐसे अधिकारियों की समीक्षा कर कार्यवाही की जायेगी।



## टीएल बैठक में स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाई गयी सामग्री अधिकारियों को विक्रय की



**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन और जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अनेकों समूहों द्वारा हर्बल गुलाल, बाजरे के शुद्ध देशी घी के लड्डू, हेण्डवॉस, पापड की टोकरियां बनाकर रखीं, जिन्हें सोमवार को टीएल बैठक में ही 230 रूपये की लागत से विक्रय किया गया। इस पर स्व-सहायता समूहों को बेहद प्रशन्नता हुई और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी होली को ध्यान में रखते हुये स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाई गई सामग्री को बडे उत्साह के साथ क्रय किया।

# एडोप्ट आंगनवाडी केन्द्रों की सूची बनाएंः कलेक्टर



**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये है कि जिले की 2 हजार 607 आंगनवाडी केन्द्रों को एडोप्ट आंगनवाडी बनाकर अधिकारियों, समाजसेवियों को प्रदान की जाये। इन आंगनवाडी केन्द्रों पर समाजसेवी, अधिकारी प्रत्येक सप्ताह में एक बार अवश्य पहुंचे, उस आंगनवाडी के लिये जो भी सकारात्मक किया जा सकता है, उसे करावें। उन्होंने कहा कि ईआरईएस उन आंगनवाडियों की सूची बनाये, जिन आंगनवाडियों में बाउण्ड्रीवॉल, छत रिपयरिंग, शौचालय, पेयजल, ग्राउण्ड, फर्नीचर, खिलौने, तौल मशीन आदि तैयार की जाये। उस सूची को संबंधित आंगनवाडी गोद लेने वाले अधिकारी व समाजसेवियों को उपलब्ध करायें। उक्त अधिकारी, समाजसेवी सूची के अनुसार आंगनवाडी केन्द्रों पर व्यवस्थायें सुनिश्चित करवायें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 2 हजार 94 आंगनवाडी संचालित है, इसके अलावा 513 मिनी आंगनवाडी केन्द्र है। जिनमें 1 हजार 799 आंगनवाडी केन्द्रों के शासकीय भवन है। जिले में मात्र 808 आंगनवाडी भवन किराये के भवनों में संचालित है। इसके लिये समस्त बीईओ, बीआरसी यह सुनिश्चित करें कि आंगनवाडी किराये के भवन में न चलें, इसके लिये अतिरिक्त भवन स्कूल या अन्य कोई भवन जिस पर लोगों का अतिक्रमण हो, उसे खाली कराकर आंगनवाडियों को शिफ्ट करायें। कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्र में केवल भोजन देना काफी नहीं है, वहां बच्चों की प्रि-नर्सी भी माना जाता है। इसके अलावा एडोप्ट आंगनवाडी केन्द्रों पर पहुंचकर 14 प्रकार के रजिस्टरों का अवलोकन करें। खाना मीन्यू अनुसार मिल रहा है, इसे भी देंखे।


### अम्बाह सीएमओ के वेतन से दिया जायेगा आंगनवाडी भवन का किराया

कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि प्रदेश सरकार आंगनवाडी भवन निर्माण के लिये विशेष जोर दे रही है। सरकार की मंशा है कि आंगनवाडी अपने भवन में लगे, जिसमें डिजायन, ड्रॉइंग और पैटिंग खूबसूरती की बनायी जाये। किन्तु अम्बाह सीएमओ रामनिवास शर्मा ने दो आंगनवाडी भवन बनवाने के लिये दो साल में स्थल चयन नहीं कराये पाये। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुये बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि जब तक दो आंगनवाडी भवनों के लिये भूमि आवंटित सीएमओ नहीं करा देते, तब तक उन आंगनवाडी भवनों का किराया अम्बाह सीएमओ रामनिवास शर्मा के वेतन से भुगतान किया जायेगा।

## विवाहित युवती की संदिग्ध अवस्था में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**मुरैना।** सोमवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गणेशपुरा इलाके में एक विवाहित युवती की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में घर से पुलिस ने बरामद की है। परिजनों का आरोप है कि पति एवं अन्य ससुराली जनों द्वारा उसकी हत्या की गई है। पुलिस को मौके से एक पत्र भी मिला है, जिसकी जानकारी अभी पुलिस ने नहीं दी है। फिलहाल कोतवाली पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है। मृतिका शारदा जाटव के भाई नरेश जाटव ने जानकारी देते हुए बताया कि शारदा 28 वर्ष निवासी बानमोर का विवाह वर्ष 2010 में लक्ष्मण तलैया गणेशपुरा मुरैना निवासी टेलर का काम करने वाले मनोज जाटव से हुआ था और परिजनों द्वारा सामर्थ्य अनुसार दहेज भी दिया था। शादी के कुछ समय तक सब ठीक-ठाक चलता रहा और उसके दो बच्चे भी हैं। नरेश ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से पति-पत्नी में आए दिन विवाद हो रहे थे और इसका कारण कोई दूसरी औरत है, जिसे मनोज रख रहा है और उसी को लेकर आए दिन दोनों के बीच लड़ाई झगड़े होते रहते थे, जिसके चलते कई बार पुलिस एवं न्यायालय मैं भी मामला पहुंचा है। बताया जाता है कि पति-पत्नी का यह मामला लोक अदालत में शनिवार को पहुंचा था, जहां मजिस्ट्रेट द्वारा दोनों पति-पत्नी को समझा-बुझाकर समझौता करा दिया गया और इसके दूसरे ही दिन रविवार सोमवार की देर रात शारदा ने फांसी लगा ली। नरेश ने बताया कि शारदा समझौता करना नहीं चाहती थी और उन्हें सजा दिलाने की बात कर रही थी, इसी के चलते शारदा की हत्या ससुराली जनों द्वारा की गई है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है और मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।



## दो वर्ष कोरोना के बाद होली शान्तिपूर्ण, भाईचारे के साथ मनायेंः कलेक्टर

- होलिका दहन के स्थान पर पानी उपलब्ध रहे, डीजे पर रहेगा प्रतिबंधः पुलिस अधीक्षक

- जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न



**मुरैना।** आगामी 17 मार्च को होलिका दहन, 18 मार्च को होली के खिलेगी एवं 22 मार्च को रंगपंचमी के त्यौहार को ध्यान में रखते हुये कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने जिलेवासियों से होली का तैयार दो वर्ष कोरोनाकाल के बाद शान्ति एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। यह निर्णय उन्होंने सोमवार को जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक में शान्ति समिति के सदस्यों ने लिया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, एसडीएम शिवलाल शाक्य, सीएसपी अतुल सिंह, जिला स्तरीय शान्ति समिति के सदस्य, समाजसेवी शशी गोयल सहित प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि मुरैना में अभी तक की परंपरा रही है कि होली का त्यौहार शान्ति एवं भाईचारे के साथ मनाते चले आ रहे है, मुझे उम्मीद है कि इस बार भी सभी लोग जिले में परंपरा को बनाये रखते हुये शान्तप्रिय होली का त्यौहार मनायेंगे। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय शान्ति समिति के सदस्यों से सुझावों पर जिला प्रशासन पूर्णतः अमल करेगा और एम्बूलेन्स, फायर बिग्रेड, डॉक्टरों की टीम, निगम की अन्य सुविधायें होली के दौरान उपलब्ध रहे।

# विभागीय योजनाओं में लापरवाही मिली तो होगी कार्यवाही : कार्तिकेयन

### जौरा, कैलारस जेएसओ को कारण बताओ नोटिस



**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा है कि समस्त जिलाधिकारी विभागीय योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, जिन अधिकारियों की लापरवाही पायी जायेगी, उन अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। यह निर्देश उन्होंने सोमवार को टीएल बैठक के दौरान जिलाधिकारियों को दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित समस्त जिलाधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने टीएल बैठक में वैक्सीनेशन, परीक्षा, बुस्टर डोज, मिशन इन्द्रधनुष, गेहूं के पंजीयन एवं अन्नोत्सव वितरण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जौरा जेएसओ द्वारा अन्नोत्सव में शून्य प्रगति, जबकि कैलारस जेएसओ द्वारा मात्र 1 प्रतिशत अन्नोत्सव वितरण बताया। इस पर कलेक्टर ने नाराज होते हुये जौरा, कैलारस जेएसओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षायें समाप्त हो चुकी है, जितने भी नकल प्रकरण बनाये गये है, उन प्रकरणों को शासन के नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जो बच्चे 15 से 17 वर्ष तक के वैक्सीनेशन से वंचित रहे गये है, उनका तत्काल वैक्सीनेशन करायें। अगला चरण 12 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिये आने वाला है, इसके लिये स्कूल विभाग के अधिकारी, कर्मचारी लिस्टिंग तैयार करें, जो बच्चे स्कूल में है, उनकी सूची एकजाई करें, जो बच्चे स्कूल से बाहर है, उनकी भी सूची तैयार करें। जैसे ही शासन की गाइडलाइन प्राप्त होगी, बैसे ही 12 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिये वैक्सीनेशन का कार्य प्रारंभ होगा। कलेक्टर ने कहा कि फिन्ट लाइन वर्कर में बुस्टर डोज के 251 कर्मचारी अभी भी पोर्टल पर दिखाई दे रहें है, जिन्होंने बुस्टर डोज नहीं लगवाया है, उन्हें तत्काल बुस्टर डोज लगवायें। जिले में मिशन इन्द्रधनुष का कार्यक्रम मार्च, अप्रैल और मई तक चलेगा। इस कार्यक्रम में बच्चे एवं गर्भवती माताओं को चिन्हित करें, गर्भवती महिलाओं की एएनसी कर पोर्टल पर अपडेट करें। उन्होंने कहा कि इसके लिये रेण्डम गांव-गांव जाकर परीक्षण करें, कोई भी गर्भवती महिला पंजीयन से वंचित नहीं रहना चाहिये। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि जिन गर्भवती महिलाओं के पंजीयन हो चुके है, उनकी सभी जांचे नियमित तौर से होती रहें।

# युवा पारम्परिक कार्यो का प्रशिक्षण लेकर स्वयं का रोजगार स्थापित करें: सोनी

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे**

नेहरू युवा केंद्र शिवपुरी के तत्वाधान और साहस युवक मंडल नरवर के संयोजन में ग्राम जुझाई में युवाओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के मंच से बोलते हुए कृष्णकांत सोनी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा युवाओं के उत्थान के लिए कई प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिससे वह अपना रोजगार स्थापित कर आगे बढ़ सकें, सरकार द्वारा युवाओं के विकास के लिए कई रोजगार उन्मुख योजना -जैसे स्किल इंडिया ,स्टार्ट अप ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, आदि चलाई जा रही हैं जिससे वह आगे बढ़कर अपने गांव का नाम



रोशन कर सकें जब युवा आगे आएंगे तभी देश का विकास संभव है युवा वर्ग चाहे तो हर कार्य कर सकता है आवश्यकता है सच्ची लगन ईमानदारी और मेहनत से कार्य करने की विशिष्ट अतिथि जितेंद्र सोलंकी ने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं के लिए जो योजनाएं संचालित की जा रही हैं हमें उनका लाभ उठाना चाहिए जिससे हमारा और हमारे परिवार का विकास हो सके नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित उन्मुखीकरण का यह कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है यहां पर वक्ताओं द्वारा कई प्रकार की योजनाओं के बारे में बताया गया हमें उसका लाभ उठाना चाहिए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माध्यमिक विद्यालय जुझाई के प्रधानाचार्य रामवीर कुशवाह ने कहा कि युवा वर्ग पढ़ लिख कर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर देश के विकास में अपना हाथ बढ़ाएं और अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करने में मदद करें जब सभी लोग मिलजुल कर कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से उस व्यक्ति कंपनी या गांव का विकास हो सकेगा अगर गांव का विकास होगा तो देश अपने आप विकास करेगा क्योंकि हम सब से मिलकर देश का निर्माण होता है आज के समय में अगर हम पढ़ लिख कर केवल नौकरी के लिए भटकेगी तो हमारे देश का विकास नहीं हो सकेगा हमें अपने पारंपरिक कार्यों को दी साथ में सीखना चाहिए हमें अपने माता-पिता द्वारा किए जा रहे कार्यों मैं उनका हाथ बताना चाहिए जिससे उन के द्वारा किया जा रहा कार में हम निपुणता हासिल कर सकें काम कोई छोटा नहीं होता पढ़ लिख कर हम कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से उसमें कुछ नया कर कार्य को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक दीपक कुशवाहा ने सभी युवाओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस कार्यक्रम में 80 युवाओं ने भाग लिया कार्यक्रम शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प हार पहनाकर किया गया।

## पोहरी- पुलिस थाने में शांति सीमित की बैठक सपन्न



**अरुण खंगार पुष्पांजली टुडे**

**पोहरी ।** होली के त्योहार को लेकर पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक संम्पन्न जिसमे थाना प्रभरी जितेंद्र चंदोलिया तहसीलदार प्रेमलता पाल ,एस आई विनोद यादव उपस्थित रहे बही तहसीलदार प्रेमलता पाल ने बताया कि होली के धार्मिक त्योहार शांति सद्भाव से मनाए बही थाना प्रभरी जितेंद्र चंदोलिया ने कहा कि होली के त्योहार को शान्ति और सद्भावना से मनाए एव अनावश्यक भीड़ भाड़ न करे एव होलिका दहन के दहन के दिन पॉइंट चिह्नित कर पुलिस गश्त कराया जाएगा होली के त्यौहार को शांति से मनाने की अपील की एवं आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें वही एस आई विनोद यादव ने कहा कि यह धार्मिक पर्व का त्यौहार है इस त्यौहार को सभी मिलजुल कर मनाएं शांति समिति की बैठक में पुलिस स्टाफ गणमान्य नागरिक एवं आदि उपस्थित रहे।

## सिरमौर का पुरा से पाठक के पुरा तक 18 माह से बंद है सड़क निर्माण

**केशव प्रसाद शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह।** जनपद अम्बाह के ग्राम पंचायत बिरेहरुआ के मौजा सिरमौर का पुरा से पाठक के पुरा तक जिला पंचायत द्वारा 400 मीटर सड़क निर्माण स्वीकृत हो चुकी है गांव के प्रमोद पाठक का कहना है जनपद पंचायत में पदस्थ एई का एक खेत है जो कि सरकारी जगह में अतिक्रमण किये हुये है उसे लेकर जनपद में जनपद सीओ से साठ गाठ कर रोड निर्माण कार्य को नही होने दे रहै है और बोलते शासन की यह फर्जी स्वीकृति है जब कि जनपद पंचायत अंबाह में पदस्थ ऐई एमपी शर्मा उक्त रोड निर्माण कार्य नहीं होने दे रहे हैं एम पी शर्मा कुछ लोगो के प्रभाव में आकर सड़क निर्माण कार्य को पूरा नही होने दे रहे जिस वजह से 18 महीने से उक्त कार्य बंद पड़ा है जिससे पाठक पुरा के लोग को अपने घरों तक जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है प्रमोद पाठक ने बताया कि एमपी शर्मा 20 साल से अम्बाह के ब्लॉक में पदस्थ हैं। जो कि मध्यप्रदेश शासन के नियम विरुद्ध है। अंबाह



ब्लॉक में सीईओ और ऐई एमपी शर्मा ने झूठा पंचनामा बनाकर हमारी सीएम हेल्पलाइन को 3 महीने से एल 4 अधिकारी पर चला रहे है उसको भी बंद करा दिया है।

## दतिया पहुंचे भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा राजघाट कॉलोनी निवास पर उपस्थित आम कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**संदीप प्रधान पुष्पांजली टुडे**

**दतिया।** साथ ही दतिया स्टेडियम ग्राउंड पहुंचे जहां पर 1 सप्ताह से चल रहे ञ्20 दतिया ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में अतिथि के तौर पर



शामिल हुए और क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता मथुरा टीम को एक लाख रुपए का चेक और विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया इसके पश्चात भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी जनपद अध्यक्ष रीता सतीश यादव भाजपा नेता राजू निचेरेले सनत पुजारी भरत राजोरिया नीतू यादव विजय बुंदेला मंगल यादव टेलू यादव गोलू यादव संजय रावत सोनम राजपूत कुलदीप यादव अमन गुप्ता आकाश भार्गव अभिषेक बबेले रामू दांगी राजीव शुक्ला वरुण दांगी विक्रम दांगी धर्मेंद्र गुर्जर राहुल गुर्जर मिंकू पाठक सहित भाजपा और युवा मोर्चा कार्यकर्ता साथ में मौजूद रहे।

## सागर लोकायुक्त की बड़ी कार्यवाही



**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़।** आवेदक रामसेवक अहिरवार, वनपाल (आहार सर्कल रेंज बल्देवगढ) आवेदक की शिकायत जांच आवेदक के पक्ष में करने के एवज में 10 हजार आवेदक से रिश्वत मांगी जा रही थी। जिसकी शिकायत सागर लोकायुक्त से की गई थी, जांच उपरांत टीम द्वारा आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे पकडा। आरोपी गोपाल सिंह मुवेल, उप वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ आवेदक से रिश्वत मांगी जा रही थी जिसकी शिकायत के आधार पर लोकायुक्त टीम द्वारा जांच की गई और जांच सही पाए जाने पर आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। यह रिश्वत आरोपी के शासकीय आवास पर ली जा रही थी जहां पर टीम ने पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया कार्यवाही में लोकायुक्त टीम से उपुअ राजेश खेड़े, निरीक्षक अभिषेक वर्मा, निरीक्षक रोशनी जैन व स्टाफ मौजूद रहा।

## गोहद महोत्सव मेला प्रदर्शनी एवं मीना बाजार का पूर्व विधायक ने किया औपचारिक उद्घाटन

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद-** नगर में लोक डाउन के बाद गोहद महोत्सव मेला प्रदर्शनी एवं मीना बाजार का आयोजन मेला प्रबंधन द्वारा किया गया है जिसमें खाना खरीदी मनोरंजन सभी एक जगह एक साथ मिल रहे हैं जिनमें हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट ज्वैलरी रेडीमेड गारमेंट्स सोफ्टी चाट जूस पॉपकॉर्न केंद्र आदि संचालित है जिसका रोजाना दोपहर 12ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक 25 फरवरी से 26 मार्च तक निरंतर चल रहा है इसमें हर सेक्टर में भारी भरकम भीड़ नजर आती है पूर्व में भी मेले का उद्घाटन करने के लिए संत रविदास हथकरघा विकास निगम के अध्यक्ष रणवीर जाटव को आमंत्रित किया था लेकिन परिस्थिति वश में उपस्थित नहीं हो पाए थे जिसका आज औपचारिक शुभारंभ करने के लिए मेला ग्राउंड पहुंचे जहां विधि विधान से पूजा पाठ करते हुए फीता काटकर शुभारंभ किया साथ ही मेले में भ्रमण करते हुए मेले का लुफ्त उठाया मेले का अवलोकन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा गोहद में ऐसे आयोजनों से जहां लोगों में नई ऊर्जा पैदा होगी वही कई छोटे-मोटे हाथ ठेला मजदूरों को भी 1 महीने तक अच्छा रोजगार मिल सकेगा।





# युवाओं के प्रेरणास्त्रोत प्रकृति प्रेमी ने जन्मदिन पर विभिन्न स्थानों पर लगाएं पौधे

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजलाई टुडे**

**बालाघाट ।** वर्तमान समय में देखा जाए तो वनों की कटाई अंधाधुंध की जा रही है। इसके विपरित कोई भी पौधे लगाने के लिए आगे नहीं आते हैं, लेकिन विगत 3 वर्षों से लांजी विधानसभा क्षेत्र में सृजन युवा संगठन लांजी किरनापुर के अध्यक्ष के द्वारा पौधारोपण की मुहिम को संचालित कर एक मिशाल कायम की है जो युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। अध्यक्ष स्वयं कुदाली फावड़े से गढ्ढे खोदने में संकोच नहीं करते, यही बात अन्य युवकों को आकर्षित करती हैं। सृजन युवा संगठन लांजी - किरनापुर के अध्यक्ष रवि नारनौरे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने युवा संगठन के साथीयों के साथ ग्राम वारी के प्रसिद्ध मंदिर मां पांडरी पाठ मंदिर में पंडा रेखलाल कावरे की उपस्थिति वृक्षारोपण किया। साथ ही लांजी के दादा कोटेश्वर धाम और मंडई टेकरी स्थित काली मंदिर में भी वृक्षारोपण किया। धरती माता के कष्ट को दूर करने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये रवि नारनौरे ने एक संगठन का निर्माण कर अपने क्षेत्र में जन्मदिन एवं अन्य महत्वपूर्ण अवसरों



पर वृक्षारोपण करना तथा वृक्षों के बड़े होने तक संरक्षण करने की अद्भुत पहल शुरू कर दी है। प्रकृति के लिए चिंतन करने वाले रवि नारनौरे ने अपने जन्म दिवस पर 51 पौधों का रोपण करते हुए जन्मदिन मनाया साथ ही उनके बड़े होने तक देखभाल करने का संकल्प लेते हुए कहा कि जल जीवन हरियाली के साथ विश्व कल्याण हेतु-वृक्ष हैं, तो हम सब हैं, इस तरह यदि एक दूसरे से प्रेरित होकर सभी लोग पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण करेंगे तो निश्चित ही ग्लोबल वार्मिंग पृथ्वी पर अपना कहर नहीं बरपा पाएगी। जीवन जीने के लिए वृक्ष लगाना एवं इनका संरक्षण होना अति आवश्यक है। जिस प्रकार एक मां अपने बच्चे का पालन पोषण करती है।,उसी प्रकार से आप सभी को इन पेड़ पौधों की सार संभाल करनी चाहिए तथा हर व्यक्ति को पेड़ लगाने चाहिए। पौधारोपण के दौरान सृजन युवा संगठन लांजी किरणापुर के कार्यकर्ता अध्यक्ष रवि नारनौरे सचिव ओमेश बुढ़ावने, उपाध्यक्ष दिपेश वाशनिक, सहसंयोजक पराग उके ,हरेन्द्र बुढ़ावने , जीतू कबीरे, संदीप कस्बे, राहुल आवरे , विपेश बुढावने , कृष्णा नारनौरे,प्रदीप कस्बे, अंकित बुढ़ावने , राजकुमार जामुरे, राकेश बुढ़ावने , लक्ष्मीचंद आवरे, , सोनू भारद्वाज, तेजराम नारनौरे ,उज्जवल बुढ़ावने, निर्भर कबीरे, विकास राहंगडले, मनोज रामटेके, कृष्णा नागफसे, संदीप बुढ़ावने का सहयोग रहा।



## महिला शक्ति ने किया रंगोत्सव कार्यक्रम

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर दैनिक पुष्पांजली टुडे**

एटा नगर में जेल रोड जिला सहकारी बैंक के सभागार में भाजपा के विजयी होने एवं होली के शुभ अवसर पर रंगोत्सव कार्यक्रम का महिला शक्ति द्वारा आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य भूमिका भाजपा नेत्री सुभ्रा भूपेन्द्र सिंह की रही ।उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की जिला महिला संयोजिका के साथ एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी की निदेशक श्रीमती करन उपाध्याय का सहयोग रहा ।कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में प्रमुख रूप से अध्यक्षता करने वाली श्रीमती श्यामलता वेद, मुख्य अतिथि निरुपमा सिंह ,चेयरमैन मीरा गांधी के साथ ही शहर की सम्मानित महिलाएं मंचासीन रही ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। और तमाम सम्मानित महिलाओं ने अपने गुलाल व फूलों के साथ एक दूसरे के गालों पर गुलाल लगाते हुए पुष्प वर्षा के साथ साथ होली का आयोजन किया गया। उसी के साथ ब्रज का नृत्य प्रस्तुत झांकियां का नृत्य देखकर सभी कार्यक्रम में सहभागिता करने वाली नारी शक्ति भाव विभोर हो गयी, और नाच कूद के साथ कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया । भोजन के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया ।जिसमें मुख्य रुप से कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती चंद्रेश जैन, सरिता एडवोकेट ,गीता दीक्षित ,श्रीमती किरन निदेशक स्टोर ब्यूटी थेरेपी, नगर पालिका अध्यक्ष मीरा गांधी, भाजपा नेत्री प्रेमलता राजपूत ,राधा रानी, ज्योति रानी,सीमा , श्रीमती पूजा, मुन्नी देवी, अंजू सिंह,ममता गुप्ता, उपासना सिंह, सुभ्रा सिंह,शशि वाष्णेय, उमा पुंडीर, गीता शर्मा, लता ,सुरभि पराशर,अलका, सुमन,लगभग एक सौ महिलाएं उपस्थित रही।

## बच्चों के लिए टीएलएम तैयार करने में शिक्षक हर संभव प्रयास करें: कलेक्टर

### टीएलएम शिक्षक सहायक सामग्री निर्माण प्रतियोगिता एवं मेले का आयोजन हुआ डाईट में

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तर पर टीएलएम शिक्षक सहायक सामग्री निर्माण प्रतियोगिता एवं मेले का आयोजन डाइट परिसर भिण्ड में किया गया। शिक्षकों की टीमों द्वारा टीएलएम के निर्माण व उसकी विधियों के बाबत् जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के लिए टीएलएम तैयार करने में शिक्षक हर संभव प्रयास करें। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि परिवेश की वस्तुओं से टीएलएम का निर्माण व उसके प्रदर्शन से बच्चों के बुद्धि कौशल का विकास तो होता ही है, साथ ही उन्हें अच्छी शिक्षा देने का यह एक रचनात्मक तरीका भी है। उन्होंने कहा कि परिवेश की वस्तुओं का प्रयोग टीएलएम निर्माण के लिए बेहतर होता है। ऐसी सामग्रियों से बच्चे भलीभांति परिचित होते हैं। उनकी सहायता से सामग्रियों का निर्माण करना और उसके सिद्धांत को बच्चे जल्दी व आसानी से सीख जाते हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा शिक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री का




उपयोग करने वाले शिक्षक बेहतर परिणाम लाते हैं। कक्षा का माहौल बेहतर होने पर विद्यार्थियों में सीखने की लालसा उत्पन्न होती है। बच्चों के लिए टीएलएम तैयार करने में शिक्षक हर संभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि टीएलएम द्वारा शुरूआत की कक्षाओं में बच्चों की मनोदशा जानकर बेहतर काम किया जा सकता है। शिक्षकों को टीएलएम सामग्री के निर्माण में आसान तरीकों का इस्तेमाल करना चाहिए। उपस्थित शिक्षकों द्वारा थर्माकोल, कैंची, पटरी, गोद, पेपर, पेंसिल, लकड़ी, चार्ट आदि के माध्यम से शंकु, घनाभ, सूर्यग्रहण, त्रिभुज, चर्तुभुज, फूलपत्तियां, पशु पक्षी, इंद्रधनुष के रंग आदि शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण कर प्रदर्शित किया।

## डॉ महेन्द्रसिंह राजपुरोहित बनूर द्वारा मैसूर पिंजरापोल सोसाइटी परिसर में किया गो दान



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरु –** चामडी पहाड़ की तलहटी स्थिति मैसूरु पिंजरापोल सोसाइटी परिसर में पल रही गायो के चारे हेतु पर्यावरण जागृति वेदिके बनूर के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपुरोहित द्वारा राशि सोसायटी के पदाधिकारियों को सुपुर्द की गई द्य सर्वप्रथम गोपूजन कर गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया द्य पश्चात कृष्ण भगवान मंदिर में पूजा अर्चना की गई द्य सोसायटी की ओर से महेन्द्र सिंह राजपुरोहित का सम्मान किया गया द्य इस अवसर पर विराट सिंह,वन्या सिंह,संतोष कंवर राजपुरोहित,मैसूरु पिंजरापोल सोसायटी के अध्यक्ष सुमतिलाल पगारिया, उपाध्यक्ष प्यारेलाल भंडारी,सचिव विनोद खाबिया सहित पूर्व उपाध्यक्ष बी.हंसराज पगारिया आदि उपस्थित रहे द्य

## 21 मार्च को सजेगा श्याम बाबा का मनमोहक दरबार

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**

**ग्वालियर।** हारे के सहारे खाटू नरेश श्याम बाबा का मनमोहक दरबार आगामी 21 मार्च 2022 को मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में सजने वाला है।जो कि शाम 6 बजे से देर रात प्रभु इच्छा तक चलेगा।कार्यक्रम आयोजक बाबा के बेटों ने बताया कि इस बार पुनः श्याम बाबा के आशीर्वाद से 21 मार्च 2022 को शाम 06 बजे से ग्वालियर माधव मंगलम गार्डन,नदी गेट पर श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन श्याम भक्तो के द्वारा किया जा रहा है।जिसमे बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार,इत्र वर्षा,छप्पन भोग,ज्योति दर्शन आदि मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहेंगे।वहीं इस संकीर्तन कार्यक्रम में बेहतरीन भजन गायक समस्तीपुर से रेशमी शर्मा जी अपनी शानदार प्रस्तुति देंगी।वहीं उनके साथ गुरुग्राम से नरेश सैनी जी,ग्वालियर से अतुल पारीक जी,ग्वालियर से ऋषिका ठाकुर जी अपने मनमोहक भजनों से बाबा के संकीर्तन कार्यक्रम में शमा बांधेगी।कार्यक्रम आयोजक बाबा के बेटों ने सभी श्याम भक्तो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आप इसका सीधा प्रसारण फेसबुक पर बाबा की बेटे एवं यूट्यूब पर क्ऋरूबाबा के बेटे पर देख सकते हैं।

## दिगौडा पुलिस ने 315 बोर के अवैध कटटा, कारतूस सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पाजंलि टुडे**

**टीकमगढ़।** सोमवार को दिगौड़ा पुलिस ने 315 के अवैध कट्टे कारतूस सहित युवक को किया गिरफ्तार। वही दिगौड़ा थाना प्रभारी आर पी चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशन्त कुमार खरे पुलिस अधीक्षक के आदेशनुसार टीकमगढ जिले में अवैध शस्त्र ले जाने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एम.एल. चौरसिया अति. पुलिस अधीक्षक, योगेन्द्र सिंह भदौरिया एसडीओपी अनुभाग जतारा के निर्देशन में थाना प्रभारी दिगौडा एवं उनकी टीम सहउप निरीक्षक चतुर सिंह, प्रधान आरक्षक विजयसिंह, प्रधान आरक्षक सतीश शर्मा, प्रधान आरक्षक अमरसिंह, मुकेश राय, आरक्षक शैलेन्द्र रावत द्वारा सोमवार को धामना तिरौला दिगौडा आम रोड से आरोपी बृजेन्द्र सिंह उर्फ मजले राजा पिता खलक सिंह उर्फ लल्लू राजा बुन्देला उम्र 27 साल निवासी सैराई थाना दिगौडा के पास से अवैध रूप से एक 315 बोर का कटटा एवं जिन्दा कारतूस जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसके बाद आरोपी को न्यायालय पेश किया गया।

## अम्बाह पुलिस ने होली के त्यौहार को लेकर रेस्ट हाउस में की शांति सीमित की बैठक सपन्न..

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** होली के त्योहार को लेकर अम्बाह पुलिस ने रेस्ट हाउस में शांति समिति की बैठक संम्पन्न की जिसमे अम्बाह एसडीओपी अशोक सिह जादौन व थाना प्रभरी रबिन्द्र सिह, व शहर पटबारी शिबमोहन उपस्थित रहे बही अम्बाह एसडीओपी ने बताया कि होली के त्योहार को शान्ति और सद्भावना से मनाए एव अनावश्यक भीड़ भाड़ न करे एव होलिका दहन के दहन के दिन पॉइंट चिह्नित कर पुलिस गश्त कराया जाएगा होली के त्यौहार को शांति मनाने की अपील की एवं आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें वही पत्रकार बीरेन्द्र परिहार ने बताया कि यह धार्मिक पर्व का त्यौहार है इस त्यौहार को सभी मिलजुल कर मनाएं शांति समिति की बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिको द्वारा प्रश्न किया गया कि सुबह जो टैक्टर निकलते है भारी तेज आबाज में डैक बजाते हुऐ बीच बाजार छमक छम छमके अंगूरी बदन जैसे अश्बलील गाने आज के पढने बाले बच्चो पर असर तो पडता ही है ध्वनी प्रदूषण भी होता है इसे सुबह दो पुलिस बाले दाऊ की कौठी पर लगा कर बन्द करबाया जा सकता है अम्बाह पुलिस ने ध्वनी प्रदूषण रोकने का आश्बासन दिया है इसक्रम में अम्बाह एसडीओपी जादौन ने कहा हम एक प्रयास करने की सोच रहै है शहर में प्रत्येक चौराहे पर कैमरा हौना परम आबश्यक है जिससे अपराध के बारे में जल्द जानकारी मिल सके सभी ब्यापारी बर्ग से निबेदन है कि आप अपनी दुकान की निगरानी के लिये अन्दर दुकान में चार कैमरे लगबा सकते है तो एक बाहर की तरफ जरूर लगबाये जो जन मानस के हित मे रहैगा शांति समिति की बैठक में इस अबसर पर शहर के गणमान्य ब्यक्ति गजेन्द्र सिह तोमर बादाम सिह तोमर दाऊ दयाल कटारे बन्टी चौहान गिर्राज तिबारी अब्दुल रहू पत्रकार मीनू खॉन जगपाल तोमर हरेन्द्र तोमर मलखॉन सिह तोमर सहित नगर के जनमनाष नागरिक मौजूद रहे

## पुलिस थाना पिछोर शिवपुरी ने नाबालिग बालिका को बरामद कर अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया

**हरिओम चतुर्वेदी पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया , एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालक बालिकाओं की बरामदगी का अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में थाना पिछोर टी आई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में अपहर्त नाबालिग बालिका उम्र 14 साल को ग्राम छितरी से बरामद किया एवं ग्राम छितरी से आरोपी पर्वत चिढार पुत्र भगवानदास उम्र 24



वर्ष निवासी ग्राम छितरी थाना सीहोर को गिरफ्तार किया। आरोपी पर्वत चिढार के विरुद्ध थाना पिछोर में दिनांक 13/9/21को फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 560 /21 धारा 363 द्धक्क पंजीबद्ध था जिसमें वह घटना दिनांक से ही फरार था । आरोपी नाबालिग लड़की को दिनांक 8/9/21को ग्राम बदरवास से बहला-फुसलाकर भगा ले गया था उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी वारदात कर बालिका को लेकर इंदौर की तरफ भाग गया था। आरोपी कुछ दिन पहिले ही अपहर्ता को लेकर अपने गांव छितरी वापस आया था एवं मुखबिर की सूचना पर पिछोर टीम ने दबोच लिया एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल भी बरामद की । प्रकरण में धारा 366 ,376 आईपीसी 5 /6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया । आरोपी को मान्यनीय न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया।पुलिस थाना पिछोर टीम के उप निरीक्षक हुकुम सिंह मीणा, सहायक उप निरीक्षक जहांन सिंह , शैलेंद्र सिंह चौहान, प्रधानआरक्षक हिमांशु चतुर्वेदी व घनश्याम सिंह परमार की सराहनीय भूमिका रही ।

## आलोक संघ एवं छू लो आसमान द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

**पिछोर,** नवोदय जागृति अभियान द्वितीय नवोदय टेस्ट का आयोजन आज दिनांक 13/03/2022 को ग्राम लभेंड में रंगमंच पंचायत भवन लभेंडा पर द्वितीय टेस्ट का आयोजन किया गया जिसमें 19 छात्र छात्राओं ने टेस्ट दिया जिसमें पंचायत सरपंच श्री बृजभान सिंह लोधी श्री गीरबल लोधी (ड्ड.ह्य.द्ब) एवं आलोक संघ सदस्य ठाकुर दास लोधी धर्मेंद्र पाल लोधी बलराम लोधी अमोल लोधी वीर सिंह विश्वकर्मा शिवम लोधी करतार लोधी गोविंद दास विश्वकर्मा शैलेंद्र लोधी एवं ग्रामीण जनों का सक्रिय सहयोग रहा इस अवसर पर दिनांक 16,/01/2022 आयोजन द्वितीय नवोदय टेस्ट में प्रथम स्थान कृष्ण अरविंद लोधी द्वितीय स्थान कु. नीतू पाल संतोष पाल द्वितीय स्थान नितिन पाल रामेश्वर पाल ने प्राप्त किए थे जिन्हें गिरबल सिंह लोधी (ड्ड,ह्य,द्ब) के द्वारा के द्वारा पुरस्कृत किया गया इस तरह की शिक्षण क्षेत्र में आयोजित गतिविधियों से विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल होगा इसके लिए ग्राम पंचायत लबेड़ा एवं समस्त ग्राम वासियों ने आलोक संघ छू लो आसमान का आभार व्यक्त किया गया

## वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**जितेंद्र सिंह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खाटू पुरा में वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सुदामा मीणा जिला प्रमुख सवाई माधोपुर थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री दीपक शुक्ला सीबीईओसवाई माधोपुर द्वारा की गई विशिष्ट अतिथि के रूप में उप जिला प्रमुख श्री बाबूलाल मीणा सरपंच श्री शाहिद अली प्रधानाचार्य श्री शिवजी लाल मीणा धर्मराज मीणा आबिद अली पूर्व अध्यक्ष ट्रक यूनियन थे विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शिवचरण जी मीणा द्वारा अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सुदामा मीणा ने बच्चों को कठिन परिश्रम कर विद्यालय परिवार का नाम रोशन करने पर बल दिया तथा उन्होंने विद्यालय विकास के



लिए ?500000 देने की घोषणा की। पंचायत समिति सदस्य श्री सलीम रजा एवं सरपंच श्री शाहिद अली द्वारा भी एक एक कमरा पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से करवाने की घोषणा की। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रोंएवं भामाशाह का मुख्य अतिथि द्वारा प्रशंसा पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य शिवचरण मीणा ने भामाशाह एवं ग्राम वासियों का तथा विद्यालय स्टाफ का विद्यालय को कठिन परिश्रम का सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने के लिए बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। शारीरिक शिक्षक भागचंद सैनी ने विद्यालय के खेल मैदान एवं खेलकूद गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा श्रेष्ठ खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जिला प्रमुख श्रीमती सुदामा मीणा एवं प्रधानाचार्य शिवचरण मीणा के द्वारा पुष्कारधाम प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी विनीता राजावत संतरा मीणा एवं मंजू लता मीणा को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन हर्ष लाल जैन एवं भागचंद सैनी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## गुरु तो गुरु ही होते है: कलेक्टर श्री सिंह

### टीएलएम शिक्षण सामग्री निर्माण प्रतियोगिता में रहा शिवपुरी विकासखंड का दवदबा

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जिला स्तरीय टीएलएम शिक्षण सामग्री सह मेला का आयोजन सोमवार को डाइट परिसर शिवपुरी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा विद मधूसूधन चौबे द्वारा किया गया।

डाइट प्राचार्य अशोक श्रीवस्ताव के मार्गदर्शन मे आयोजित मेला मे शिवपुरी जिले के 72 शिक्षकों ने अपनी-अपनी संस्थाओ के साथ विकासखंड का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें हर विकासखंड से हिन्दी, विज्ञान, गणित समूह मे विकासखंड स्तर से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे शिक्षकों ने भाग लिया। मेला में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह द्वारा सभी टीएलएम का आवलोकन किया एवं प्रथम द्वितीय , तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमे शिवपुरी विकासखंड का प्रत्येक विषय में दवदबा रहा।

जिले के सभी विकासखंडों से टीएलएम शिक्षण सामग्री निर्माण (कबाड़ से जुगाड़) शून्य निवेश नवाचार की थीम पर प्रदर्शन किया गया। डाइट द्वारा निर्धारित चयन समिति ने प्रत्येक विषय मे प्रथम, द्वितीय, तृतीय को चुना। विज्ञान विषय में अर्चना कौशल शामावि गोपालपुर विकासखंड शिवपुरी प्रथम , विजय कुमार कबीर विकास खंड पिछोर द्वितीय, वंदना गुप्ता विकासखंड शिवपुरी तृतीय रहे। साथ ही गणित विषय मे मंगला गुप्ता शामावि सिंह निवास (शिवपुरी) प्रथम, सुरेन्द्र लाक्षाकार (करेरा) द्वितीय, संजय भार्गव शामावि सुरवाया, इमरान खान शामावि ख्यावदाकला




(शिवपुरी) तृतीय रहे। हिन्दी विषय में प्रियंका मदान शामावि कपराना (शिवपुरी) प्रथम, रोहिला आसिफ खान (पिछोर) द्वितीय, सरिता जैन (कोलारस) तृतीय रहे।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह द्वारा प्रतिभागियों की प्रशंसा की एवं सभी शिक्षकों को शानदार टीएलएम बनाने हेतु बधाई दी। डिप्टी कलेक्टर शिवाँगी अग्रवाल द्वारा सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया एवं इन टीएलएम का प्रयोग संस्था के बच्चों को सहज एवं सरल बनाने मे करें। कार्यक्रम को प्रमोद भार्गव साहित्यकार द्वारा भी संबोधित किया एवं नवाचार के संबंध मे विभिन्न विंदुओ जैसे कि विभिन्न वैज्ञानिकों की जीवनी का उल्लेख किया एवं कहा कि अपने साहित्य का जरूर अध्ययन करे क्योंकि साहित्य ही समाज का दर्पण होता है और वह आपको गोरान्वित करेगा। चयनित प्रतिभागी 22 मार्च को ग्वालियर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता मे जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डाइट के स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रदीप लाक्षाकार एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर द्वारा विकास खंड के 6 शिक्षकों द्वारा प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सभी शिक्षकों एवं संस्था प्रभारीयों को धन्यवाद ज्ञापित किया।




## अवैध अस्पताल नर्सिंग होम के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु संत ने दिया ज्ञापन

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**एटा** जनपद के नियम विरुद्ध नर्सिंग होम क्लिनिको झोलाछाप संचालकों पर कार्रवाई करनी है तू श्री राजीव लोधेश्वर महाराज ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन जिसमें उन्होंने शासन को अवगत कराया की एटा में नियम विरुद्ध चलते नाजायज नर्सिंग होम हॉस्पिटल क्लिनिको दुकानों पर एक के बाद एक कई घटनाएं हुई बीते 1 माह में एक के बाद एक चार मौतों की घटनाओं ने आमजन को झकझोर दिया शहर के निधौली कला मार्ग स्थित एक झोलाछाप डॉक्टर के यहां हुई मजदूर की मौत के बाद कानून एवं शांति व्यवस्था बिगड़ गई जबकि अन्य स्थानों के झोलाछाप डॉक्टरों के यहां हुई मौतों से मृतक परिवारों को दुखों से जुड़ना पड़ा यही नहीं इससे पूर्व भी गैर कानूनी तरीके से नियम विरुद्ध चलते हॉस्पिटलों पर महिला पुरुष बा बच्चों की मौत हुई इन सभी मौतों का कारण झोलाछाप डॉक्टरों की अनभिज्ञता और उपचार में लापरवाही नहीं संत ने अपनी मांगों में कहा नंबर दो राजा डॉक्टर और नर्सिंग होम व अस्पतालों के विरुद्ध अभियान चलाकर भावनाओं को भवनों को सीज ब संचालकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी मौके पर ही गिरफ्तारी की जाए अगर किसी नियम विरुद्ध नर्सिंग होम हॉस्पिटल या अवैध डॉक्टर के यहां किसी की मौत होती है या मौत ऐसे हालात होते हैं या शांति व्यवस्था या कानून व्यवस्था बिगड़ने के हालात पैदा होते हैं तो ऐसी स्थिति में मृतक परिवार या तीमारदार को नियम विरुद्ध नर्सिंग होम हॉस्पिटल संचालक झोलाछाप डॉक्टर से कम से कम 5 लाख रुपैया पीड़ित परिवार के भरण पोषण हेतु दिलाया जाए ना देने की स्थिति में उसकी संपत्ति कुर्की की जाए पूर्व में सीज हुए नर्सिंग होम हॉस्पिटल पैथोलॉजी दुकान संचालकों की गिरफ्तारी की जाए और मुकदमों के नामजद अभियुक्त संचालकों के पंजीकरण निरस्त किए जाएं और घायल रोगियों एवं गर्भवती महिलाओं को प्राइवेट अस्पताल ले जाने वाली आशाओं को बर्खास्त और एंबुलेंस संचालकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उनकी गिरफ्तारी की जाए।

# शासकीय भूमि पर अवैध कॉलोनी काटने वालों के विरूद्ध हो कड़ी कार्रवाई

## एंटी माफिया अभियान में माफियाओं का चिन्हांकन और कार्रवाई करें

### अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश



ग्वालियर। एंटी माफिया अभियान के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। शासकीय भूमि पर अवैध कॉलोनी काटने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी। ऐसे लोगों के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज की जायेगी। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह निर्देश अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में दिए हैं।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में एंटी माफिया अभियान के तहत अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री एच बी शर्मा सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में एंटी माफिया अभियान के तहत कार्रवाई की जाए। शासकीय भूमि पर अवैध कॉलोनी काटकर बेचने वालों के विरूद्ध अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नगर निगम का अमला संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई करे। दोषियों के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जाए। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि अवैध कॉलोनाइजरों के साथ-साथ अन्य माफियाओं की भी सूची तैयार कर अभियान चलाकर कार्रवाई करें।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि आम जनों की समस्याओं के निराकरण के लिये लगाए जा रहे सुशासन शिविर भी लगाए जाएँ। शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें, ताकि शिविर में अधिक से अधिक लोगों के प्रकरणों का निराकरण किया जा सके। प्रत्येक अनुभाग क्षेत्र में पाँच ङ्क पाँच सुशासन शिविर आयोजित किए जाएं। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में भी नगर निगम एवं नगर पालिकाओं के माध्यम से सुशासन शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने ग्रामीण विकास विभाग की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायतों में जो गौशालाओं का निर्माण किया गया है, उसका शतप्रतिशत संचालन भी प्रारंभ किया जाए। गौशालाओं के संचालन में जनभागीदारी भी शामिल हो, इसके भी प्रयास किए जाएं।

### दिव्यांग प्रमाण-पत्र हेतु लगे शिविर

कलेक्टर श्री कौशलन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में यह भी निर्देश दिए हैं कि दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिये 6 दिवसीय शिविर का आयोजन मुरार अस्पताल में किया जाए। शिविर में सभी चिकित्सक एवं आवश्यक अधिकारी उपस्थित रहकर दिव्यांगजनों को प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराएं।

### राजस्व प्रकरणों का हो समय पर निराकरण

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कहा कि नामांतरण, सीमांकन एवं बटवारे के जो प्रकरण हैं उनका निराकरण राजस्व अधिकारी तेजी के साथ करें। कोई भी प्रकरण दस्तावेजों के अभाव में निरस्त न किया जाए। इसके साथ ही धारणा अधिकार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी तेजी से हो।

### समर्थन मूल्य पर खरीदी की सभी व्यवस्थायें समय रहते करें पूर्ण

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में 24 हजार किसानों का पंजीयन हुआ है, उन सभी के सत्यापन का कार्य भी समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। इसके साथ ही सोसायटियों का निर्धारण, खरीदी केन्द्र और खरीदी केन्द्र पर की जाने वाली व्यवस्थायें भी समय रहते पूर्ण की जाएं।

### सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण समय पर हो

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा है कि वे प्रकरणों का निराकरण प्रथम स्तर पर ही करें। हैल्पलाइन के तहत आवेदनों के प्रकरणों का निराकरण संतुष्टिपूर्ण हो, यह भी अधिकारी सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय सेवकों का ईएसएस अपडेशन हर हाल में 18 मार्च तक कराने के निर्देश

**धीमी प्रगति पर आयुक्त कोष एवं लेखा ने जताई नाराजगी**

ग्वालियर। शासकीय सेवकों का ईएसएस (एम्प्लॉई सेल्फ सर्विस) प्रोफाइल अपडेशन का कार्य हर हाल में 18 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को दिए गए हैं। इस काम की धीमी प्रगति पर आयुक्त कोष एवं लेखा ने नाराजगी जताई है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के अंतर्गत हर शासकीय सेवक का ईएसएस प्रोफाइल अपडेशन किया जाना है। ईएसएस प्रोफाइल अपडेशन एवं अन्य कठिनाईयों के निराकरण के लिये जिला कोषालय में एक सेल का भी गठन किया गया है। ईएसएस प्रोफाइल अपडेशन न होने से सेवानिवृत और मृत कर्मचारी के पेंशन आदि स्वत्वों के निराकरण में कठिनाई आती है और देरी भी होती है। इस वजह से सभी विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द यह काम पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लोक अदालत में बिजली के 9 हजार 397 प्रकरणों का निराकरण

**कंपनी द्वारा 13 करोड़ 95 लाख की राजस्व वसूली**

**उपभोक्ताओं को प्रदान की 5 करोड़ 23 लाख से अधिक की राहत**

ग्वालियर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में शनिवार को हुई नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 126 के तहत बनाए गए बिजली की अनियमितताओं के कुल 9 हजार 397 प्रकरणों में समझौता करने पर बिजली उपभोक्ताओं को 5 करोड़ 23 लाख से अधिक की राहत प्रदान करते हुए कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं से 13 करोड़ 95 लाख से अधिक राजस्व वसूल किया गया है। नेशनल लोक अदालत में निराकृत हुए कुल 9 हजार 397 प्रकरणों में से न्यायालयों में लंबित 1 हजार 764 प्रकरणों में समझौता कर संबंधित उपभोक्ताओं ने 20 प्रतिशत छूट के साथ लंबित मुकदमों की कार्यवाही से निजात पाई। लोक अदालत में 7 हजार 633 ऐसे प्रकरणों में भी समझौता किया गया जो न्यायालय में पंजीबद्ध नहीं हुए थे। इन प्रकरणों को प्रिलिटिगेशन प्रक्रिया के तहत निराकृत कराकर उपभोक्ताओं को 30 प्रतिशत छूट के साथ न्यायालयीन कार्रवाई से मुक्ति प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि लोक अदालत में निराकृत हुए धारा 126 एवं 135 के सभी प्रकरणों में संपूर्ण ब्याज राशि में शत-प्रतिशत छूट दी गई। लोक अदालत में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू उपभोक्ताओं, समस्त कृषि उपभोक्ताओं, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू तथा 10 एचपी तक भार वाले औद्योगिक बिजली उपभोक्ताओं को समझौता करने पर छूट की पात्रता थी।




## बीएसएफ अकादमी में 'सीमा प्रबंधन में उभरती भविष्य की चुनौतियाँ' विषय पर तीन दिवसीय सेमीनार शुरू



ग्वालियर। सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में सहायक कमाण्डेट सीधी भर्ती बैच-12 का तीन दिवसीय री-यूनियन सेमीनार सोमवार को शुरू हुआ यह सेमिनार 16 मार्च तक चलेगा। ÷सीमा प्रबंधन में उभरती भविष्य की चुनौतियाँ÷ विषय पर आयोजित हो रहे सेमीनार का शुभारंभ सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर के निदेशक श्री पंकज गूमर ने किया।

सेमिनार में सीमा सुरक्षा बल के 46 ऐसे वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं, जिनका सेवाकाल 34 वर्ष से अधिक है। प्रतिभागी को सीमा प्रबंधन, नियंत्रण रेखा, आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी, नक्सल विरोधी अभियान और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन का भी अनुभव है।

बदलते भौगोलिक व राजनीतिक परिदृश्य और राष्ट्र के सामने आ रहीं नवीन चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखकर इस सेमीनार का आयोजन किया गया है। इस विषय पर विस्तृत चर्चा से सीमा सुरक्षा बल को एक सकारात्मक दिशा मिलेगी। साथ ही सीमाओं की सुरक्षा और बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी। सेमीनार से न सिर्फ अकादमी में पदस्थ प्रशिक्षक लाभान्वित होंगे, बल्कि अकादमी में चल रहे बुनियादी और ÷इन सर्विस कोर्स÷ के प्रशिक्षु भी लाभान्वित होंगे।

इस तीन दिवसीय सेमिनार के दौरान सीमा प्रबन्धन से जुड़े अन्य मुद्दों जैसे सीमा तंत्र को और अधिक मजबूत करना, तकनीक और प्रौद्योगिकी के बेहतर प्रयोग व समायोजन के साथ-साथ सीमा सुरक्षा बल के जवानों के रहन-सहन संबंधित विषयों पर भी चर्चा होगी।

सेमीनार के शुभारंभ अवसर पर महानिरीक्षक एवं संयुक्त निदेशक श्री जी एस ओबेरॉय, उप महानिरीक्षक एवं कमाण्डर श्री के एल शाह सहित अकादमी के अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## ग्वालियर सहित प्रदेश में 27 संजीवनी आयुर्वेदिक केन्द्र स्थापित

ग्वालियर। लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र द्वारा विन्ध्य हर्बल्स ब्रान्ड के नाम से लगभग 350 प्रकार की औषधियों का निर्माण तथा विक्रय किया जा रहा है। साथ ही वर्तमान में ग्वालियर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में 27 संजीवनी आयुर्वेदिक केन्द्रों की स्थापना की गई है। इन केन्द्रों पर आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया जा रहा है। वर्तमान में ग्वालियर, भोपाल, औबेदुल्लागंज देवास, जबलपुर, बड़वानी, खंडवा, ओंकारेश्वर, बुरहानपुर, खरगोन, रीवा, पश्चिम सीधी, सतना, उत्तर बालाघाट, पश्चिम छिंदवाड़ा, पूर्व छिंदवाड़ा, टीकमगढ़, उत्तर पन्ना, दक्षिण सिवनी, होशंगाबाद, उत्तर बैतूल, दक्षिण सागर, इंदौर, नई दिल्ली, डिंडोरी, छतरपुर और अनूपपुर में संजीवनी आयुर्वेदिक केन्द्र चल रहे हैं।

### लघु वनोपज का समर्थन मूल्य घोषित

मध्यप्रदेश के जनजातीय बंधुओं की आमदनी बढ़ाने के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार अनूठी कार्य-योजनाओं पर अमल किया जा रहा है। अराष्ट्रीयकृत लघु-वनोपज का संग्रहण, भंडारण, प्र-संस्करण और विपणन से जुडे वनवासियों के आर्थिक तथा कौशल उन्नयन के लिये सुविचारित प्रयास किये जा रहे हैं।

वनवासियों के हित में 32 लघु-वनोपज प्रजातियों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। वनोपज की खरीदी के लिए अपनी दुकान के नाम से 179 खरीदी केन्द्र तथा लघु वनोपज के 47 गोदामों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री वन-धन विकास योजना वनवासी समाज के लिये वरदान सिद्ध हो रही है। वन मंत्री ने बताया कि इस योजना के प्रथम चरण में प्रदेश की 19 जिला यूनियनों में 107 वन-धन केन्द्र क्लस्टर की स्थापना की गई है। प्रत्येक क्लस्टर में 15 स्व-सहायता समूह हैं। प्रत्येक स्व-सहायता समूह में 20 हितग्राही शामिल रहेंगे। इन केन्द्रों पर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध वनोपज, कृषि एवं उद्यानिकी उपज का प्राथमिक प्र-संस्करण, पैकेजिंग तथा विपणन आदि कार्य हितग्राहियों द्वारा किये जाएंगे।

## डिवाइडरों के आस-पास हो साफ सफाई और डिवाइडर रहें हरे भरे: निगमायुक्त श्री कन्याल





### निगमायुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज शहर में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए डिवाइडर रोड के आस पास गंदगी होने एवं हरियाली ना होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को साफ सफाई कराने एवं हरियाली करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने सात नंबर चौराहे से निरीक्षण प्रारंभ करते हुए वार्ड 21 में साफ सफाई व्यवस्था को देखा तथा मेला ग्राउंड के पीछे टूटे पेवर ब्लॉक एवं अव्यवस्थित पेड़ पौधों को देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए इसके साथ ही सूर्य नमस्कार प्रतिमा के आसपास निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए तथा आकाशवाणी क्षेत्र में टूटे चेंबर को देखकर नाराजगी व्यक्त की तथा पहले भी इस संबंध में निर्देश दिए गए थे जिसका पालन ना होने पर संबंधित जोन 11 के क्षेत्राधिकारी श्री राजू गोयल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गांधी रोड पर निरीक्षण करते हुए पेड़ पौधों की कटिंग ना होने एवं साफ सफाई ना होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नोडल अधिकारी पार्क के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही झांसी रोड थाने के आगे बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया तथा उसके सामने स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए । वहीं वार्ड 54 स्थित जवाहर कॉलोनी में निरीक्षण करते हुए नियमित सफाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही अपर आयुक्त श्री गुर्जर द्वारा वार्ड 50 में पार्किंग का निरीक्षण किया गया।

## घर घर जाकर सिटीजन फीडबैक के लिए किया आग्रह, डाउनलोड कराया स्वच्छता एप्प



ग्वालियर। स्वच्छता के प्रति बच्चों एवं बडों को जागरुक करने एवं स्वच्छता को जन-जन का मिशन बनाने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा आईईसी टीम के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अवेयर किया जा रहा है। इसके साथ ही गली मोहल्लों में घर घर जाकर आमजनों को स्वच्छता में सहभागिता के लिए प्रेरित कर सिटीजन फीडबैक देने के लिए आग्रह किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के मार्गदर्शन में आईईसी टीम के सदस्यों द्वारा वार्ड क्रमांक 53 में लक्कड़ खाना पुल,, मुसियों के महोल्ल्ले में पर सर्वे किया। वार्ड क्रमांक 37 में, दही मंडी रोड ,जागृति नगर , धर्म काटे के पास, वार्ड क्रमांक 34 में कमल सिंह का बाग गोखले हॉस्पिटल, शिंधे की छावनी में सर्वे किया, वार्ड क्रमाक 50 में दरजीओली ,लड्डू वाली गली, वार्ड 38 में नवग्रह कॉलोनी सेक्टर नंबर 2, श्री राम कॉलोनी में सर्वे किया, वार्ड 48 में हेम सिंह की परेड , वार्ड 54 में 13 बटालियन और आर्मी बजरिया में सर्वे किया, वार्ड 42 दौलतगंज, वार्ड 5 बोहदापुर आनंद नगर , वार्ड 44 बलाबाई का बाजार, चितनीश की गोठ, वार्ड 39 गोल पहाड़िया, वार्ड 43 सराफा बाजार , वार्ड 48 कृष्णा कॉलोनी हेम सिंह की परेड में सर्वे कर आमजनों को जागरुक किया तथा विभिन्न स्कूलों में नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा ड्रॉइंग कंपटीशन करवाया। जिसमें बच्चो ने स्वच्छता संबंधी ड्रॉइंग बनाई। टीम ने बच्चों को स्वच्छता के बारे में महत्वपूर्ण बातें बताई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478